॥ श्रीराधासर्वेश्वरो विजयते ॥

॥ श्रीभगवन्निम्बार्काचार्याय नमः ॥

श्रीहरिव्यास यशामृत

रचयिता

स्वामी श्रीरूपरसिक

श्रीहरिव्यास यशामृत

" श्रीसर्वेश्वरो जयति "

॥ श्रीभगवन्निम्बार्काचार्याय नमः ॥

श्रीहरिव्यास यशामृत

स्वामी श्रीरूपरसिक प्रणीत-

पद्यात्मक गीतकाव्य

प्रकाशक--

विद्वत्परिषद्

अ० भा० श्रीनिम्बार्काचार्यपीठ, निम्बार्कतीर्थ

सलेमाबाद, पुष्करक्षेत्र, किशनगढ जि. अजमेर (राज०)

कार्तिक कृष्ण १२ गुरुवार

रसिकराजराजेश्वर श्रीहरिव्यासदेवाचार्य पाटोत्सव

वि० सं० २०७०, दिनाङ्क ३१/१०/२०१३ ई०

पुस्तक प्राप्ति स्थान--

अखिल भारतीय श्रीनिम्बार्काचार्यपीठ

निम्बार्कतीर्थ (सलेमाबाद)

फोन नं० - ०१४६७ -२२७८३१

प्रथमावृत्ति - १००० वि० सं० १९८१

द्वितीयावृत्ति - १००० वि० सं० २०७०

मुद्रक--

श्रीनिम्बार्क मुद्रणालय

निम्बार्कतीर्थ (सलेमाबाद)

न्यौछावर

४०) रुपये

।। श्रीसर्वेश्वरो विजयते ।।

दो शब्द

श्रीरूपरसिक देव द्वारा प्रणीत ''श्रीहरिव्यास यशामृत'' गीति काव्य जिसमें विभिन्न रागनियों, छन्दोंबद्ध परम सरस द्वाविंशति (२२) लहरिकाओं में आबद्ध जिसमें स्व्यं संकेत किया है कि जगद्‌विजयी जगद्‌गुरु श्रीनिम्बार्काचार्य रसकिराजराजेश्वर श्रीहरिव्यासदेवाचार्यजी महाराज के यशामृतसिन्धु की अनन्त लहरें भी गुणगान करने में समर्थ नहीं हो सकती।

यश अमृत सागर महा, जाकी लहरि अनन्त।
रूपरसिक यह यथामति, सुनि उर धरियो सन्त।।

ऐसे परम रसिकों के प्राण श्रीहरिव्यासदेवाचार्यजी महाराज द्वारा विरचित ५ सुखों में अन्वित ''श्रीमहावाणीजी'' में युगलकिशोर श्यामाश्याम की दिव्यातिदिव्य निकुञ्ज लीलाओं का गुणगान व्रजक्षेत्र श्रीवृन्दावनधाम में परम रसिक भावुक भगवज्जन के द्वारा किया जाता है। ''श्रीमहावाणीजी'' का गुणगान कर व्रजरस की रसमयी निकुञ्ज रसामृत का पान कर वे परम हर्षित व आह्लादित होते हैं।

श्रीहरिव्यासदेवाचार्यजी महाराज युगलविहारी राधामाधव प्रभु का निकुञ्ज विहरणादि लीलाधिष्ठात्री देवी श्रीप्रियाजी परब्रह्म लीला पुरुषोत्तम भगवान् श्रीकृष्ण की परम आह्लादिनी शक्ति भगवती श्रीराधाजी के रंगधाम की अन्यतम ललिताविशाखादि सहचरीवृन्द में परम सुशोभित 'श्रीहरिप्रिया' सखी स्वरूप में श्रीयुगल प्रियाप्रियतम को लाड लडाते हैं। उनके अर्द्ध नाममात्र 'श्रीहरि' स्मरण करने से हमें चारों पुरुषार्थ की सिद्धि हो जाती है।

श्रीरसिकराजराजेश्वर श्रीहरिव्यासदेवाचार्यजी महाराज ने सकल संसार में श्रीयुगल प्रियाप्रियतम की निकुञ्ज उपासना का दिव्य उपदेश प्रदान किया। श्रीरूपरसिकदेवजी महाराज ने रसिकेश्वर 'श्रीमहावाणीकार' श्रीहरिव्यासदेवाचार्यजी महाराज के दिव्य स्वरूप को प्रकट करने वाला ''श्रीहरिव्यास यशामृत'' रूपी विभिन्न राग-रागनियों व दोहा सोरठा आदि छन्दों में आबद्ध सरल भाषा में गीति रसायन महाकाव्य का प्रणयन किया। यह सब

श्रीहरिव्यासदेवाचार्यजी की ही कृपा का फल है जो सहृदय भगवद्भक्त श्रीमहावाणीजी की युगल पदावलियों का गुणगान करता है व परम दिव्य अष्टादशाक्षर मन्त्रराज का निरन्तर जप करता है वह मोक्ष की आकांक्षा न रखते हुए श्रीयुगल प्रियाप्रियतम के दिव्य अलौकिक रंगधाम में नित्य सहचरीवृन्द में स्थान प्राप्त करता है। यह सब श्रीहरिव्यासदेवाचार्यजी (श्रीहरिप्रियासखी) महाराज की चरण शरणागति के बिना सम्भव नहीं।

परमदिव्य अष्टादशाक्षरमन्त्र अंतर सदा निरन्तर ध्यावे।
सबको रंगधाम अति दुर्लभ ताहि ठाम में रहे रहावे।।
''श्रीहरिव्यासचरण शरणागति श्रीहरि कृपा करें तब पावे''
जय जय श्रीहरिव्यासजू दशदिशि जीत पुनीत।
करी प्रगट जग तरण हित महाभजन रस रीति।।
जय जय श्रीहरिव्यासजू सर्व गुरु भगवन्त।
सदा सर्वदा एकरस युगल रूप में मन्त।।
जय जय श्रीहरिव्यासजू परा प्रेम के सिन्धु।
सदा सच्चिदानंदघन रसिक जनन के बन्धु।।

श्रीहरिव्यासदेवाचार्यजी महाराज पराभक्ति के सागर है वे सदा युगल प्रियाप्रियतम के स्वरूप को धारण करते हैं। श्रीहरिव्यासदेवाचार्यजी के दिव्य पदाम्बुजों में शरणागति हमें पराभक्तिपूर्ण श्रीयुगल प्रियाप्रियतम की रसमयी उपासना प्रदान करने वाली है।

श्रीचरणकिंकरीक :-
रेवतीरमण शर्मा शास्त्री, निम्बार्कभूषण
प्राध्यापक-
श्रीसर्वेश्वर संस्कृत महाविद्यालय
अ० भा० जगद्गुरु श्रीनिम्बार्काचार्यपीठ
निम्बार्कतीर्थ (सलेमाबाद) अजमेर (राजस्थान)

श्रीहरिव्यास यशामृत

॥ लिख्यते ॥

॥ मांझ ॥

श्रीहरिव्यास हरिप्रिया रूप तिनकी कृपा मनाई।
श्रीहरिव्यास देव यश अम्मृत सागर लिखों बनाई॥
तामें काव्य छन्द नाना विधि सों लहरी समुदाई।
युगल रत्न दाई यह गाई रूपरसिक मन भाई।

॥ दोहा ॥

तत्र प्रथम लहरी लिखों, दोहा बन्ध सुहाय॥
हरिव्यास श्रीहरिप्रिया, मन वच क्रम चितलाय॥२॥
श्रीनारद के शिष्य द्वै, वाल्मीक अरु व्यास।
रूपरसिक जिन मुख भयौ, शब्दब्रह्म प्रकाश॥
बहुवानी वहु ग्रन्थ किय, जाको वार न पार।
रूप रसिक हरिव्यास कें, घर ही को व्यौहार॥३॥
अपनी अपनी चोंच भरि, लेत कोऊ खग आय।
रूप रसिक महा सिन्धु को, कहो कहा घटिज़ाय॥४॥
कहा अश्व कहा अश्विनी, कहा वृषभ कहा गाय।
इक हाथी के खोज में, सबही खोज समाय॥५॥
किते जीव आये गये, बढत न घटत लगार।
रूप रसिक हरिव्यास की, बडा बडी सरकार॥६॥
आवत है जिहि ग्रन्थ में, व्यास बिना हरिनाम।
रूप रसिक टेरे कहैं, सो मेरे नहिं काम॥७॥
भक्त भक्त सबही मिले, अपनी अपनी ठौर।

रूप रसिक हरिव्यास की, भजन रीति कछु और ॥८॥
शत्रु सींव चापें नहीं, दुष्टी लहैं न दाव !
रूप रसिक हरिव्यास के, अँग पावत उमराव ॥९॥
श्रीगुरु हरि सम्बन्ध बिन, सबकी छाप कलाप।
रूप रसिक हरिव्यास की, छाप हरै त्रय ताप ॥१०॥
कहा भयो जो करिलियो, तिलक आपनी उक्ति।
रूप रसिक हरिव्यास के, तिलक बिना नहिं मुक्ति ॥११॥
पायो नाम निकामही, फिरें फुलायौ चाम।
रूप रसिक हरिव्यास के, दास बिना नहिं काम ॥१२॥
माला पहिरी मोल ले, जासों कटे न जाल।
रूप रसिक हरिव्यास की, बिना माल नहिं माल ॥१३॥
एक एक तें अधिक हैं, मन्त्र तन्त्र के माँहि।
रूप रसिक हरिव्यास के, मन्त्र बिना सिधि नाँहि ॥१४॥
सब लीला श्रीकृष्ण की, जो जिहि लायक होय।
रूप रसिक हरिव्यास जू देत सबन कों सोय ॥१५॥
श्री वृन्दावन महल सुख, है सब रस कौ सार।
रूप रसिक जिनकों मिलै, तिन पर कृपा अपार ॥१६॥
नित्य किशोरी बपुष यह, श्रीवृन्दावन नाम।
नव निकुंज कल केलि हित, राजत भूपर धाम ॥१७॥
राधा हरि हरि व्यासजू, सेवत विपिन विलास।
निज आनन्द अहलाद को, जान्यो परम निवास ॥१८॥
नित्य विहार विहरत तहाँ, नित्य बिहारी लाल।
श्रीहरि प्रिय हरिव्याससुख, संग रहत सब काल ॥१९॥
श्रीहरिव्यास लडावहीं, त्यों त्यों लाडत बाल।
लाड लडीले लालकी, करत सदा प्रतिपाल ॥२०॥
रूपरसिक हरिव्यास को, बडो तेज भरपूर।

और देव दबके रहें, दबक्यो रहै न सूर॥२०॥
रूपरसिक कोऊ कहत हैं, बादर माँहि दवात।
सो इन मूरख नरन कों, दृग माया फिर जात॥२१॥
सूर सोई आधा धरे, षाछा परे न पाव।
रूपरसिक सर्वेश ते, तबही होय मिलाव॥२२॥
नेक चरण पाछे परै, ये कायर के लक्षि।
रूपरसिक हरिव्यास पद, पावत नांहि प्रतक्षि॥२३॥
तनतें आगे मन चलै, मनते आगें भाव।
रूपरसिक हरिव्यास को, तबही ह्वै दरशाव॥२४॥
तबही लग दुरवासना, लगीजु याके साथ।
रूपरसिक हरिव्यास को, जब लग नयो न माथ॥२५॥
कोउ नेम में लगिरहे, कोउ प्रेम में रोत।
रूपरसिक हरिव्यास विन, परा न प्रापति होत॥२६॥
एक भूत के लगे की, सहीपरत नहिं आँच।
रूपरसिक जिनकी कहा, तिनको लागे पाँच॥२७॥
मन्त्र तन्त्र कछु नहिं चले, चले न तन्त्र विचार।
रूपरसिक हरिव्यास के, विना एक उपचार॥२८॥
जो कोऊ श्रीहरिव्यास को, नाम जपै इकवार।
तन मन धन ता ऊपरे, दीजे सर्वसु वार॥२९॥
सकल अमङ्गल खलनदल, हलचल दुख अघरास।
रूपरसिक सबही भगैं, सुमिरत श्रीहरिव्यास॥३०॥
रूपरसिक गुणवन्तको, चाहत सब जग माँहि।
निर्गुण को हरिव्यास की, सदा सर्वदा वाँरह॥३१॥
एक वार हरिव्यासजू, रसना कियो उचार।
तौ श्रीराधा कृष्ण को, मन्त्र जप्यो सौवार॥३२॥
रूपरसिक हरिव्यास की, विना कृपा लहै कोय।

श्रीवृन्दावन महलसुख, हाँसी खेल न होय॥३३॥
रूपरसिक हरिव्यासजू, इनकी सम को और।
कोउ बाहर कोउ भीतरे, ये व्यापक सब ठौर॥३४॥
काहू की दश पंच दश, काहू की अठ सात।
रूपरसिक हरिव्यास की, वीसो विश्वा बात॥३५॥
रूपरसिक हरिव्यास की, धर्म्म ध्वजा फहराय।
ताके आगे और की, कहो कहा ठहराय॥३६॥
रूपरसिक हरिव्यास विन, लहै न सुख को सोत।
नेम प्रेम अरु छेम सब, इन ते प्रापति होत॥३७॥
चौरैं चौरैं सब फिरैं, दौरे दौरे दास।
परै साँकरो आय तब, सुमिरैं श्रीहरिव्यास॥३८॥
रूपरसिक हरिव्यास की, शरण बिना नहिं पार।
केते बाहरि रहिगये, केते बूडे धार॥३९॥
रूपरसिक हरिव्यास की, सवते मोटी बात।
चरण शरण तिनकी भई, तीनों गुण की मात॥४०॥
रूपरसिक हरिव्यास की, बडी रजाई जानि।
माया त्रिगुण प्रसूतिका, चरण शरण भई आनि॥४१॥
रूपरसिक हरिव्यासजू, आचारज वर राय।
मूल प्रकृति चेरी भई, त्रिगुण प्रसूता आय॥४२॥
रूपरसिक हरिव्यास की, उपमा को नहिं कोय।
तासु कृपाते पाइए, प्यारी प्रियतम दोय॥४३॥
रूपरसिक हरिव्यासजू, आप रूप हरि राय।
माया जग बिस्तारणी, तासु पलोटत पाय॥४४॥
रूपरसिक हरिव्यास की, देखो अद्भुत रीति।
तिनकी चरण शरण बिना, युगल करें नहिं प्रीति॥४५॥
रूपरसिक सबके लगे, या माया सों प्राण।

तातेे तू हरिव्यास भजि, माया गुरु भगवान॥४६॥
या माया खाया सवै, याकी भारी चोट।
रूपरसिक जन ऊवरे, माया गुरु की वोट॥४७॥
रूपरसिक ये जगत सब, है स्वारथ को दास।
तू स्वारथ कर आपनो, तजि जग भजि हरिव्यास॥४८॥
रूपरसिक ये जगत सब, केवल स्वारथ मित्त।
तातेे तू निज काम करि, भजि हरिव्यास सुचित्त॥४६॥
अपने अपने खेल में, सबही मगन रहंत।
तूनिज खेल सुमिरत रहि, कहि हरिव्यास महंत॥५०॥
रूपरसिक सबकों लगें, अपने प्यारे काम।
तूहू अपनो काम करि, भजि हरिव्यास सुनाम॥५१॥
तन्त हमहिं जानत भले, नहीं और के भाव।
छोटो मुख मोटी कहै, नीचन यहै स्वभाव॥५२॥
रूपरसिक जिनि नहिं लह्यो, श्रीहरिव्यास प्रताप।
जैसे दादुर कूपसे, करे कूप में धाप॥५३॥
अपने अपने मनहिं में, रहे पतिव्रत धार।
रूपरसिक सोई सही, कहैं परोसन नारि॥५४॥
भक्ति भाव समझे नहीं, आपा को अधिकार।
सेर चूनदे साधुनें, कहें कुवे धसिजाव॥५५॥
साधु शरम मार्‍यो कछू, बोल सके नहिं वैन।
रूपरसिक की ओर ह्वै, टग टग जोवै नैंन॥५६॥
रूपरसिक अैसें कहैं, सुनो हमारी बात।
सेर चून पहले लयो, अब काहे पछितात॥५७॥
आसीसो पासी सदा, नाहिं तलासी तास।
रहैं उदासी जगत ते, हम हरिव्यासी दास॥५८॥
स्वारथ माँही चतुर सब, परमारथ कौ नाश।

रूपरसिक ता हिय नहीं, ये कोरे हरिदास ।।५९ ।।
मुखसों भाषें अनन्यता, तन में राखें टोंठि।
ठाकुर के आगे धरें, ऊजवना की ओंठि ।।६० ।।
रीति चलावें आपनी, है कलि की यह टेक।
बिना शरण हरिव्यास की, उपजे कहा विवेक ।।६१ ।।
रूपरसिक सँग नहिं चलै, लहि पापिन को योग।
खोट करें हरि आसरे, ऐसे खोटे लोग ।।६२ ।।
जागे तो हरिव्यास भजि, सोवै तौ हरिव्यास।
ऊठत बैठत फिरतही, स्वास स्वास हरिव्यास ।।६३ ।।
ये अनन्य के लक्षि हैं, इन बिन और न फन्य।
रूपरसिक हरिव्यास जू, सुमिरें सोही धन्य ।।६४ ।।
रूठा तो उधरै नहीं, तूठा सुधरैं काज।
रूपरसिक हरिव्यासजू, महाराजन के राज ।।६५ ।।
वह विनती है सबनसों, सेनो सुचित्ते होय।
रूपरसिक साँची कहैं, दुख पावो जिन कोय ।।६६ ।।
प्रथम समझिवो सैन में, दूजो वैनमितोंह।
रूपरसिक बहु वकेते, होत भांड की सोंह ।।६७ ।।
जो कोऊ चाहै चाहसों, तिनको दुख सुख संग।
रूपरसिक नहिं करें तो, होत रसिकता भंग ।।६८ ।।

॥ सोरठा ॥

वैमानुष जग थोर, मन फाटे फटिजाय मन।
ऐसे लाख करोर, फाटि फाटि मिलिजाय मन ।।६९ ।।

॥ दोहा ॥

समय परे ते जानिये, हित अनहित की बात।
रूपरसिक ज्यों प्रगट ही, क्षीन पीनता गात ।।७० ।।
हमहीं बहुत पढी सुनी, सिद्धान्तन की शाखि।

साधन सों कछु मति कहै, आयि आपनी राखि॥७१॥
मुख आगे अस्तुति करें, पीछे करें चवाय।
रूपरसिक वा दास को, नास जाय पै जाय॥७२॥
भक्ति भाव हिरदे धरैं, डिम्भ तज्यो नहिं जाय।
रूपरसिक इन त्रियन को, है सहजेंहिं सुभाय॥७३॥
श्रीहरिव्यास कृपा करी, रूपरसिक जनजानि।
नीचेतें ऊंचो कियो, दियो शीश पर पानि॥७४॥
रूपरसिक संसार सब, मेरे जानि अऊत।
सुमिरें श्रीहरिव्यासजू सोई एक सपूत॥७५॥
श्रीहरिव्यास गुण गान सुनि, उठत न संगहि गाय।
रूपरसिक ते नर महा, परैं नरक में जाय॥७६॥
नृत्य करत लाजन मरें, तें नर तिय तन पाय।
सदा अटेरी हाथ में, सूत समेंटत जाय॥७७॥
हम काहू के होंय तो, कोउ हमारो होइ !।
रूपरसिक संसार में, देखे सबही जोय॥७८॥
रूपरसिक संसार में, कोउ न अपनो जान।
एक दोय की कहा चली, सबही सुपन समान॥७९॥
साधु सदाही शुद्ध है, जिनके मते अगाध।
रूपरसिक कहा जानही, जीव भरे अपराध॥८०॥
रूपरसिक हरिव्यासजू, है सबहिन सिरमौर।
तिनहिं त्यागि इत उत फिरें, तेई महा मति वौर॥८१॥
हरिभक्तिन सों द्रोह करि, गई चहें हरि लोक।
रूपरसिक वा राँड के, परें करम में ठोक॥८२॥
हरि सुमिरें ह्वै है कहा, हरि भक्तन सों वैर।
रूपरसिक पावै कहाँ, बिना उसीला खैर॥८३॥
आबैतो आनन्द कौ, उपजे और जँजाल।

रूपरसिक इन तियनको, संग तजौ तत्काल ॥८४॥
जारों मुह जागरन कौ, जामेंहि आवहि जोय।
रूपरसिक यातै भले, रहैं अकेले सोय ॥८५॥
जगत भगत सबही हँसौ, वुरौ न मानू कोय।
श्रीराधावर सुमिरताँ, होनी होय सो होय ॥८६॥
म देखों सब इष्ट को, श्रीराधावर अंश।
मूरख नर समुझे नहीं, उलटी धारें गंश ॥८७॥
रूपरसिक हरिव्यासजू प्रगट न होते आज।
तौ इन रसिकन कौ कहौ, कैसे सरतो काज ॥८८॥
जय जय श्रीहरिव्यासजू, रसिकन हित अवतार।
महावाणी करि सवन कों, उपदेश्यो सुखसार ॥८९॥
श्रीवृन्दावन चन्द्रकी, नित लीला दरशाय।
रूपरसिक जन पर करी, कृपा करी सतिभाय ॥९०॥
रूपरसिक हरिव्यास को, बडो आसरो पाय।
तुच्छ नरन के घर घरे, भटकै कौन बलाय ॥९१॥
श्रीराधा कृष्ण उपासना, श्रीवृन्दावन धाम।
श्रीहरिव्यास कृपा विना, पूरण होय न काम ॥९२॥
एक रूप हरिव्यास जू, ह्वै अनेक अवतार।
श्रीवृन्दावन चन्द्र कौ, वरन्यो नित्य विहार ॥९३॥
सब पूजत हैं व्यास को, हम पूजत हरिव्यास।
रूपरसिक जिनि कृपातें, सफल होय सब आस ॥९४॥
गुरु सबही कें होत हैं, निगुरे रहत न कोय।
सतगुरु के शरनें विना, सुख प्रापति नहिं होय ॥९५॥
गुरुकी कृपाहि जानिये, सतगुरु मिलैं जु आय।
मूरख छोडचो कहत हैं, जासों कहा बसाय ॥९६॥
छोडचो जाकों जानिये, हरि तजि भजें जु और।

अम्मृत रस को पीठदै, फिरतो फिरै कुठौर ॥९७॥
साँची सों झूँठी कहें, झूँठीसों कहें साँच।
ऐसे या कलिकाल में, प्रगट भये हैं पाँच ॥९८॥
तिनको मुख खण्डन करण, हरण कलेश अपार।
प्रगट भये हरिव्यासजू, स्वयं रूप अवतार ॥९९॥
कोने में करिवो करें, घुचपुच घुचपुच चोर।
रूपरसिक हरिव्यास की, चौडाही में ठौर ॥१००॥
लियें नरक दीये स्वरग, रूपरसिक भुगतन्त।
दोऊनते न्यारे रहें, जिनको नाम महन्त ॥१०१॥
महताई मुसकलि महा, नाम धरें कहा सिद्धि।
रूपरसिक जिनकें नहीं, आनँद रूपी ऋद्धि ॥१०२॥
भला कहा रीझे नहीं, बुरा कहा न खजन्त।
रूपरसिक सोई जानिये, आनँदरूपी सन्त ॥१०३॥
रूपरसिक रस भजनकी, गति समुझे नहि कोय।
मुहाचही चल तियनकें, किये न भजन कछु होय ॥१०४॥
रूपरसिक संसार की, देखो उलटी चाल।
परिहरि नरहरि चतुरदशि, पूजें षेतर पाल ॥१०५॥
जाकों चाहत हैं दियो, लीला रस अधिकार।
रूपरसिक तो बुद्धि कों, वारों वार धिकार ॥१०६॥
प्रथम दईवी जीव में, करम ज्ञान करि हीन।
फिरि तिनही में सोधिये, लीला रस में लीन ॥१०७॥
लीला रस के जीव में, युगल ध्यान रतजोय।
युगल ध्यान रत में कोऊ, सखी भावयुत सोय ॥१०८॥
सखी भावयुत में कोऊ, वृन्दावनी उपास।
तिनहू में पुनि देखिये, श्रीहरिव्यासी दास ॥१०९॥
श्रीहरिव्यासी दास में, महावाणी रुचिजाहि।

तिनसों हिलिमिलि कीजिये, हिय की बात उमाहि।।११०।।
अधिकारी बिन जोकहूं, भाखै यह रसरीति।
रूपरसिक सुख नहिं लहै, उल्टी ह्वै विपरीति।।१११।।
सोया रस अधिकार को, साधन नाही कोय।
श्रीहरिव्यास कृपा करें, तबही प्रापति होय।।११२।।
तातें श्रीहरिव्यास की, निति प्रति कृपा मनाय।
कष्ट किये पावै नहीं, मिलें सहजसो आय।।११३।।
सकल कर्म अरु धर्म के, फल कलियुग में नष्ट।
एक शरण हरिव्यास की, बिना और सब कष्ट।।११४।।
रूपरसिक हरिव्यास को, भजन महाजल जानि।
जाके ऊठे बुदबुदे, सो सब इष्ट बखानि।।११५।।
रूपरसिक हरिव्यास के, नित विहारकी बूँद।
एक तनक जो ऊछटी डारें सबको रूँदि।।११६।।
रूपरसिक हरिव्यास की, नाहि बराबर कोय।
जाके आधे नामते पाप सवै क्षय होय।।११७।।
दुर्लभ या संसार में, रस भजनी रतिवान।
रूपरसिक ऐसे बहुत, नीरस रीस निवान।।११८।।
रूपरसिक हरिव्यास कौ, वडौ भरोसो राखि।
जन जन आगें रोय कें, जिन खोवे सौ साखि।।११९।।
साखि रही तो सब रही, साखि गया सब जाय।
तातें जाता भाँति तू, श्रीहरिव्यासहिं गाय।।१२०।।

इति श्रीमत् हरिव्यासदेव यश अमृत सागर लहरी। वन्ध रसिक मन हरणी महा अर्थ की गहरी।। प्रथम लहरिया महा सुहाई युगल सेव वरदाई। रूपरसिक गाई छवि छाई निज पूरणता पाई।।

।। इति प्रथम लहरी ।।

॥ दोहा ॥

दूजी लहरी लिखूँजु, अब दायक युगल विलास।
सुभग सवैया बन्धकी, सुमिरि सुमिरि हरिव्यास॥१॥

॥ सवैया ॥

हरिव्यास आस सदा सुखरासा।
केतेक नेमहि में रहे लागि केते वँधे परे प्रेमके पासा॥
केतेक कर्म महातम ज्ञान में केते लगे जप तप्प तलासा।
केतेक तीरथ सेवत हैं अरु खेवत हैं बन में दुख दासा॥
और की आस निरास सबै हरिव्यास कीआस सदा सुखरासा॥१॥
काहेको झुण्ड लिये जगमें फिरौ काहेको मूरख मुण्ड मुडावो।
काहेको तुण्डपैं राख लगावत काहेकु सुण्डि सिन्दूर चढावौ।
काहे कौ गुंडत डोलो गरीवनि काहेकु रुण्डपै केश रखावौ।
जो सुख चाहतहो अपनैंतौ तौ हरिव्यासहि काहे न गावो॥२॥
कोटिक यज्ञ किये तौ कहा भयौ वेद पढे बृथही वचकूटे।
स्वर्ग में जाय कहा सुख पावत पाछेहि आवत डार के तूटे॥
साधन और किये सब श्रेय के तौ उरहे रसतें जु अहूटे।
सो जन श्रीहरिव्यास भजैं नही ताजनके हिय भाजन फूटे॥३॥
देवभयौ सुरदेव भयो नरदेव भयौ नरकौ तन पायौ।
स्वर्गऽरु भूमि के भोग भुगे तोउ आपदा को कहुँ ओर न पायो
जाय रसातल राज कियौ तौउ दूनोइदूनौ रोग बढायो।
ऐपरिअज्ञ कवूँहि सुचितह्वै श्रीहरिव्यासहि नाहिं न गायौ॥४॥
सत्यहूके सिरदारहि देख्यो जो सेवक सुखदेत है सोई।
और सुनौ कैलाश के वासी सदाशिव नाम कहावत जोई॥
क्षुद्रनकी कहो कोन चलावत जो सुख पावत ध्यावत सोई।
है सबही दुखमूल महायक श्रीहरिव्यास भजे सुख होई॥५॥
दुर्लभ या नर देहको पाय गमावत है सठ सोच न आवे।

वावरो होय़ तो वैद लगाइये कौन सयानेंकौ सीख सिखावै॥
आपनैं हाथन पायन ऊपर पाथर डारत कौ समुझावै।
ऐपरि कौउतौ चाहै कह्यौ इरे श्रीहरिव्यासहि काहि न गावै॥६॥
कोउ कहैं हरिव्यापक ब्रह्म हैं कोउ कहैं वैकुण्ठ ठिकानौ।
कोउ महा वैकुण्ठ दिखावत कोउ सदा गोलोकहि मानैं॥
कोउ कहै हरिसागर क्षीरमें कोउ कहै परमेश्वर जानैं।
भूलि रहे भ्रममें सबही हरिव्यास विना हरिको पहिंचानैं॥७॥
कोउ कहैं हरि तीरथही में हैं कोउ कहैं हरि पञ्चनमाहीं।
कोउ कहैं हरि वाम्हनही में हैं कोउ कहैं हरि हैं सब घाहीं॥
कोउ कछू कहैं कोउ कछू कहैं ऐपरितासुकी ठीक न ठाहीं।
रूपरसिक विचारि कहैं हरिव्यास बिना हरि जानत नाहीं॥८॥
काहूने लोभ के लिये कही अरु काहूने मोहके लीये कही है।
काहूने लीये कही अहँ कारिहिं धारहि जो जाकी बुद्धि बही है॥
काहूने मान बडाई लियें कहि काहूने द्वेषकी रीति गही हैं।
रूपरसिक विचारि कहैं हरिव्यास कहैं सोई बात सहीहैं॥९॥
मोहि प्रतीति न आवत है कछु वेद वतावत भेद कह्यौजू।
आगम तन्त्र पुराणको मत सोध्यो सब जग जेतौ लह्योजू॥
मारगहू वहुभाँतिन के तिनके सुनते चित भ्रम गह्योजू।
और कह्यौ जो कह्यौ न कह्यौ हरिव्यास कह्यौ सोई कृष्ण कह्यौजू॥१०॥
सर्वहि भूमिको साज मिल्योरु रसाधिपहू होइ राज कियोजू।
शासन पाक कौ आसन पायकें अम्मृतहू कई पोत पियोजू॥
सम्पति पाय सवै परमेष्टीकी सिष्ट में सिष्ट कहाय लियोजू।
श्रीहरिव्यासहि जानें विना ध्रिग है ध्रिग है जिनकौजु जियोजू॥११॥
दान कियो जप तप्प कियो व्रत नेम कियो अरु प्रेम सगाई।
तीरथ तीरथ न्हान कियो तन शुद्ध कियो मन शूल गमाई॥
यज्ञ कियो जगदीश भज्यौ भव रोग तज्यो अति योगिता पाई।

साधुन सोतौ सबेहि कियो तब श्रीहरिव्यास की छाप कहाई॥१२॥
मंगल आदिदै शयन प्रयन्तलो सेवनके सुखहीकौ धारण।
भूलि कभू स्वपनें न रमें मन बाद विवाद विषाद विकारन॥
पावन नाम प्रिया हरि को जिन कीयो महासुखतें जु उचारन।
सोहरिव्यासी सदा सुखराशि निकुंज निवासी की जाउहूँ वारन॥१३॥
नौग्रह कौ न चलै कछुही बस बारहिं राशि सदा दुखटालै।
भैरव भूतरु प्रेत भवादिक षेतर पाल टगेटगन्हालै॥
यक्ष पिशाच खईश विजासनि पित्र विनायक वीर वितालै।
श्रीहरिव्यास को दास भयो जब जालिम जोरेंकौ जोर न चालै॥१४॥
व्यासजु वेद के चारि किये तिनहू मेंहु नहीं तनकौ दरशायो।
पांचवो वेद कियो महाभारत ओ इतिहासहु मांहि छिपायो॥
शारद मात सुरेश ओ शेष महेश गणेशहु पार न पायो।
जो रस दुर्लभ हुते है दुर्लभ सोरस श्रीहरिव्यासजू गायो॥१५॥
हैं हरि धाम सदा सर्वोपरि जो परसों पर वेद कहैं मग।
शूर के नीचे शेष के ऊपर गोपुरहूतें अगोचरसौ भग॥
ठौर जहां सबके शिर मौरकी नेंकहूँ लागे नहीं लग।
एक सौ वीशरु एक सिंढी पर श्रीहरिव्यास के दास धरें पग॥१६॥
मायिक वस्तु जिती जगमें तिनकौं प्रवेश कछु इहिं ठाहैं।
दिव्यहि सम्पति सेवत हैं सुख दम्पति के मुखकी रुख चाहैं॥
लाडिली लालकी लीला रसालहिं पीवत जीवत रैंन दिना हैं।
औरनकी गम नाहि जहाँ हरिव्यास के दास वसैजु तहाहैं॥१७॥
हंस कह्यौ सनकादिक सों सनकादिक नारदकें हिय नाष्यौ।
नारदजू कह्यौ निम्बदिनेशहिं निम्बदिनेश निवासहिं दाष्यौ॥
लैंकें निवास दिये विस वादिन जो इनलै अति गुप्तहि राख्यौ।
दैविक जीव उधारनकें हित सो रस श्रीहरिव्यासजू भाष्यौ॥१८॥
श्रीहरिव्यास स्वयं अवतारी एकहि एकहिके

सव दायक दूसरी दैंनकौं आप दुखारी।
तीसरीकी कहो कौन कहानी है जो महावाणी में आप प्रचारी॥
आज्ञा भई जिनको जितनेहिकी दीये तिन्हें तितनेही उघारी।
अंश कला अवतारहि धारिये श्रीहरिव्यास स्वयं अवतारी॥१६॥
श्रीहरिव्यास को नित्य विहारी केतेहु नैमित
आयसु पायकें जो सो दिना करिलेत पसारा।
फेरि परें त्रिगुणानके फेरमें होत नहीं तहातें निरवारा॥
याको तौ एक अखंड प्रताप दिपै दिनही दिन आप अपारा।
और विहार विहारिहिहैं पर श्रीहरिव्यास कौ नित्य विहारा॥२०॥
श्रीहरिव्यास कौ प्रेम है न्यारौ॥
काहूकौ प्रेमतौ नेम मिल्यौ अरु काहू को नेम तटस्थ निहारौ।
काहूको रोयवे माहिरल्यौ अरु काहू को रोयवेतें अगवारौ।
काहूकौ कैसिय भाँति मिल्यौ अरु काहू कौ कैसिय भाँति विचारौ।
और कौ प्रेमतौ प्रेमहि है पर श्रीहरिव्यास कौ प्रेम है न्यारौ॥२१॥
हरितो व्रजराज कुमार हैं कृष्ण सुतो चतुरा कृतिकौ नितिरानौ।
व्यास पदारथ श्रीमति राधिका कृष्ण के प्राणाधिकातिहिं मानौ।
रूपरसिक कियो यह अर्थ सुदेखिकें आगम वेद वखानौं।
नित्य विहारी किशोरी किशोरकी मूरति श्रीहरिव्यासही जानौ॥२२॥
भक्तिको भेद पायौजु क्योंही योंहीजू खेद कियो पढि वेदकी काँडी।
कर्म कुचील कमाय कमाय कें आयु विताय दई विधि माँडी॥
मूरख मूरखता मद छायकें छोडन योग्य नहीं सोई छोडी।
श्रीहरिव्यास कौ दास भयें विन होयगीरे सठ होयगी भांडी॥२३॥
सुन्दर साज समाजही पायकें राज कियो भुविको सगरौजू॥
सूर कहाय गरूर बढाय रह्यौ मन लाय गुणें अगरौजू॥
श्रीहरिव्यास कौ दास भयौ नहि तौ तन तासु हुताश जरौजू।
रूपपनौ सब कूप परौ अरु भूपपनौ सब भार परौजू॥२४॥

॥ दोहा ॥

रूपरसिक हरिव्यासकें, एक भजन कौ लेश।
ताकी महिमा कहनकौं, हारे कोटिक शेष॥१॥
आरषकविष्णु देवजू, पौरशुक विजयदेव।
कछू लह्यौ सो इन कह्यौ, या मृदु रसकौ भेव॥२॥
जयति नमो हरिव्यासजू, महाप्रेम परचार।
दम्पति इच्छा हरिप्रिया, महावाणी करतार॥६॥

॥ मांझ ॥

इति श्रीमत हरिव्यासदेव यश अम्मृत सागर लहरी।
सुभग सवैया वन्ध मनोहर महा अर्थ की गहरी॥
या लहरी दूजी सुख दाई लागत महा सुहाई।
रूपरसिक गाई छविछाई निज पूरणता पाई॥

इति द्वितीया लहरी॥

॥ दोहा ॥

तीजी लहरी लिखूं अब, तामें दोय बसन्त।
प्रेम छबीसी पचीसी में, शिष्य जनन को तन्त॥

* राग बसन्त *

चले वसन्त वधावन जन अनन्त। जहां हरिव्यास राजा महन्त॥
वृन्दावन जमुना तीर रम्य। हरिव्यास शरण विन सो अगम्य॥
तहां नव निकुञ्ज महा सुरंज। वहै त्रिविध पवन अलि पुंज गुंज॥१॥
जहां दम्पति सुख सम्पति अपार। प्यारी प्रियतम कौ नित विहार॥
तहां हितू सखी अगिवानि जानि।
जहां सकल सन्त दल पहुँचे आनि॥२॥
सब परशुरामजू संग साध तिनकी अतिही आशय अगाध।
अन गन सवही जन प्रेम राशि। हरिप्रिया चरणके सब उपास॥३॥

तिनमें पुनि गुनि गुनि कहौं सुजान जे दीनवन्धु करुणा निधान।
महा परा प्रेम में सकल भीन। जिनि वहुत पतित तारे मलीन ॥४॥
सब वेदागमको अरथ जान। तिनके गुणको कवि कहें वखान॥
सनकादिक मारग सकल निष्ठ। जिनके अनन्य हरिप्रिया इष्ट ॥५॥
जिन किये रसिकवर इष्ट भिष्ट। तिनकी श्रीमुख वाणी सुमिष्ट॥
गणि एक एक ते गुण गरिष्ट। तिन पद रज ते भये अनन्त शिष्ट ॥६॥
जय जय स्वामी अतिही उदार। पुनि स्वभूराम करुणा अगार॥
वोहित सोहित केशव घमंडि। दुलहडियो माधव प्रेम दंडि ॥७॥
लियरौ गुपाल हरि धर्मजान। पुनि मदन गुपालजु रसिक प्रान॥
गोपाल दयालजु परमहंस। मोहन मतवारौ जन सुवंश ॥८॥
नरसिंह विष्णु विठ्ठल प्रवीन। सारँग स्वामी श्रीधर नवीन॥
वल्लभ दुल्लभ सुल्लभ रसाल। पुनि ऋषीकेश भूसुर कृपाल ॥९॥
टूटौ गुपाल छविजाल संग। धौंधी भगवान सखी सुरंग॥
मङ्गलजु वाहवल भटगुपाल। मुनि ज्ञान ध्यान गुरु युगल भाल ॥१०॥
हरिरामव्यास त्रय अति नवीन। सब सन्त मण्डलीकें अधीन॥
प्रेमा चिन्तामनि दोउ साथ। चिन्ता हरि लीला शुक सुनाथ ॥११॥
द्वादश गुपाल कौ वृन्द जानि। तिनकी संख्या कौ कहै वखानि॥
पुनि जन मुकुन्द सुखकन्द चन्द। श्रीप्रेम चन्द प्रेमी गोविन्द ॥१३॥
बनवासी सन्यासी श्यामदास। ईश्वर विज्ञान घन प्रेमवास॥
पद्मावति पद्मा प्रेम स्वामि। मधुसूदन दामोदर सुनामि ॥१३॥
करमा माधव धरमा सुधीर। मीरा हुसेन वाजीदमीर॥
पुनि पीरदास जनहरण क्यास। श्रीहंसदास महा प्रेमरास ॥१४॥
रँगदेविदास हित दासरास। चतुरौ लघु मोहन विपिन वास॥
मुलतानि विमानी रसनिधान। चित सुख मधु मंगल ज्ञान ध्यान ॥१५॥
मुरली अनन्त सँग सत्य वादि। पुनि गंगग्वाल आचार्यादि॥
श्रीसूरश्याम रँग धाम नाम। विल मङ्गल जोसी जीति काम ॥१६॥

हरिव्यास प्रपन इक हंसदास। रघुनाथदास सँग छेमदास।।
कल्याण जनाधिप राज साध। जिन प्रिया चरण भूषण सुलाघ।।१७।।
सरस्वती भारती गिरी अनन्त। तिनकौं श्रीभटजू किये सन्त।।
गोविन्दा चारज तत्वजान। ब्रजवल्लभ गिरिधारी विज्ञान।।१८।।
मुनी राज मुनीशर चतुर बाह। जग जीवन कन्हर मोहदाह।।
प्रहलाद ऋषभ अहलाद दास। रस रास उपासक काम नास।।१९।।
सेतू हेतू नेतू सुचेत। जगजेतू सेतू प्रेम षेत।।
सर्वज्ञ अज्ञ गुरु गुरुगोपाल। तिन किये विधर्मी अति रसाल।।२०।।
इन आदिअपरिमित जन महन्त। बहु देव नाग अप्सरा नन्त।।
तिनकी संख्याकौ नाहि अन्त। सब सामगरी ल्याये बसन्त।।२१।।
पहुचे वृन्दावन परमधाम। तहाँ हरिव्यास रसिकाभिराम।।
सब हिन भूपरि दण्डोत कीन। हरिव्यास न मोकहि प्रेम भीन।।२२।।
पुनि कियो महोत्सव विपिन माँह।
अति नव निकुञ्ज माधुरी छाँह।।
बहुभाँति युगल के भोग राग। महा खेल भयो तहाँ वसन्त फाग।।२३।।
उपमाजु खेलकी कही न जाय।
जो कोटि कोटि मुख जीह पाय।।
जहाँ खेलत श्रीहरिव्यास देव। ताकी त्रिगुण प्रसूता करत सेव।।२४।।
अनहद बाजे बाजैं रसाल। बहुभाँतिनकीजु उडै गुलाल।।
अतर केशरि के तहाँ तडाग। तहाँ भरे घोरि अम्बुज पराग।।२५।।
याविधिखेलत नित भक्तरूप। हरिव्यास देव हरि प्रियारूप।।
अन गन महन्त जन लिये साथ। जन रूपरसिक के प्राणनाथ।।२६।।

।। दोहा ।।

इति श्रीरूपरसिक कृता, वसन्त छवीसी नाम।
पूरण श्रीहरिव्यास की, दाई दम्पति धाम।।१।।

वसन्त पचीसी अब लिखों, सो रस पति आगार।
सुमिरि हरिप्रिया पद पदम, श्रीहरिव्यास उदार॥२॥

* राग बसन्त *

खेलत वसन्त भगताधिराज। लियें अतेह पुरको सब समाज॥
श्रीपरशुरामजू लियें क्षत्र। चामर वर जय जय कियें पत्र॥
जहाँ स्वभूराम छाजै मृदंग। श्रीऋषीकेश साजै उपंग॥१॥
तहाँ वोहित उद्धव करत गान। लियरो गुपाल आनें जुमान॥
दुलहडियो स्वामी लियें चंग। जहाँ वीरमधीरम करत रंग॥२॥
जहाँ नृत्य करत द्वादश गुपाल। जन महावाणी गावैं रसाल॥
जहाँ अनंतदास उडवें गुलाल। वहु रंग रंगकी तिहीकाल॥३॥
तहाँ माया वर्षत दिव्य फूल। सव प्रेम विवस तन गये भूल॥
सब सन्त खरे हरिव्यासकूल। तिनकी संख्या नहीं अनन्त दूल॥४॥
केशव केशरि रंग कियो अपार। छिरकेंजु वाहुवल अति उदार।
माधव अवीर उडवैंजु भूरि। ता मधि अनन्त सौगन्ध चूरि॥४॥
गोपाल दिव्य वजवै सुताल। टूँटा गुपाल ढोलक विशाल॥
भेरी वजवै केशव प्रवीन। जो सदा रहत पर प्रेम लीन॥६॥
व्रज वल्लभ वजवै गजकपाल। जहाँ हंस बजावै दास ताल॥
जहाँ यन्त्र बजावै धौंधीदास। बंशी बजवै तहाँ दास व्यास॥७॥
सहनाई बजावै परम हंस। मुख चंग युगल बजवै सुवंश॥
तत्वज्ञ बजावै हस्त ताल। नौवति टंकोरत जन गुपाल॥८॥
कृष्ण जीवनि लछीराम संग। दोऊ भीजि रहे हरिव्यास रंग॥
जहाँ कृष्णदास ले अति उसास। मुलतानि विमानी धरै आस॥९॥
हरि नवल नगारन देत ठोर। छीतम जखडी कौ करत सोर॥
भागवत बजावत बंक भेरि। जनछीत नचै हरिव्यास हेरि॥१०॥
महा राय गिरगिडी जहाँ बजाय। अनहद बाजे तहाँ रहे छाय॥
तहां नवल नफीरि वजावै सन्त। हरिव्यास सुयश में सोमैमन्त॥११॥

जहां विष्णुपुरी नरसिंह साथ। कमलापति केशो गोपिनाथ॥
तहां क्षेमदास रघुनाथदास। सब नृत्यत श्रीहरिव्यास पास॥१२॥
मोहन मतिवारा घट बजाय। तहां तानसेंन मन लाय गाय॥
पिचकारी छोडत मुरलीदास। अनगन जन लीनें आस पास॥१३॥
मीरा मारू गावै सुराग। गिरिधारी सों मन तास लाग॥
गोपाल भट्ट नट राग लीन। वल्लभ हरिव्यास सुप्रेम भीन॥१४॥
सधनों जहाँ प्रेम पयोधि लीन। प्रेमा ताण्डव गति नृत्य कीन॥
तहाँ शूरश्याम भये शूरवीर। सव सन्त गुलाल भरें अबीर॥१५॥
जहाँ अलि भगवान करेंजु खेल। सो सखी भाव में रेल पेल॥
महा सन्त अंस भुज मेल मेल। सन्तन मुख लावैं गन्ध तेल॥१६॥
जहाँ भाव बतावत ईसरदास। आचारज सेखर करत हास॥
कन्हर लक्ष्मी दासानुदास। जहाँ टीकमदास जन पूरणदास॥१७॥
विद्यापति रसिकानन्द संग। मधुसूदन कर माजन त्रिभंग॥
पुनि अह्लजसू स्वामी सुजान। गावै तहाँ अतिही सुर बंधान॥१८॥
जहाँ कृष्णा वलि रामदास। महा लघु मोहन जन करण आस॥
हरिव्यास दास सँग प्रेम सिन्धु। रसिकेश्वर स्वामी भक्त वन्धु॥१९॥
सब सन्त उचारत जय अनूप। जय सर्वेश्वर हरिव्यास रूप॥
सबहीनकौं दीनौं प्रेम दान। हरिव्यास देव करुणा निधान॥२०॥
यह खेल मच्यौ अतिही अनूप। श्रीवृन्दावन रसिकेश भूप॥
तहाँ रँग देवीयुत प्रिया श्याम। जहाँ सदा विराजत अष्टयाम॥२१॥
तहाँ हितू सहित बहु वृन्दवाम। तिनकी द्युति मोहे कोटि काम॥
जय परमधाम लोकाभिराम। श्रीरंगवती कौ रहस ठाम॥२२॥
युग युग में प्रगटित हरिव्यास। सन्तनकी पूरण करण आस॥
परिकरयुत श्रीहरिप्रिया आप। ताकौ त्रिगुण प्रसूता करत जाप॥२३॥
श्रीभट पटराजा अति उदार। ताकी लीलाकौ नहीं वार पार॥
जिनि महावाणी वरणी रसाल। जगजानी मिलानी युगल लाल॥२४॥

महिमा अपार हरिव्यास देव। बिन चरण शरण कौ लहै भेव॥
जन रूपरसिक के प्राण नाथ। सब दिना बसौ मम हृदय माथ॥२५॥

॥ दोहा ॥

इति श्रीरूपरसिक कृता, बसन्त पचीसी नाम।
पूरण गुरु हरिव्यासकी, दाई श्यामा श्याम॥१॥

॥ माझ ॥

इति श्रीमत हरिव्यास देव यश अम्मृत सागर लहरी।
प्रेम बसन्त छ्वीसी पचीसी शिष्य अर्थ की गहरी॥
या लहरी तीजी सुखदाई शिष्य नामते छाई।
रूपरसिक गाई मन भाईं निज पूरणता पाई॥१॥

इति तृतीया लहरी।

॥ माझ ॥

अथ श्रीमत हरिव्यास देव यश अम्मृत सागर लहरी।
श्रीहरिव्यास देव नामक के अर्थ मञ्जरी गहरी॥
या लहरी चौथी सुखदाई परा प्रेमकी छाईं।
श्रीमच्चरण सरोज सौरभी रूपरसिक जन गाई॥१॥

॥ दोहा ॥

पाप हरें हरि पद अरथ, व्यास युगल कों देत।
रूपरसिक हरिव्यास भजि, मन वच क्रम करि हेत॥१॥
हरै अविद्या मूल हरि, व्यास करैं विवि पास।
रूपरसिक तजि आस सब, भजि निशि दिन हरिव्यास॥२॥
स्वयं कृष्ण हरिपद अरथ, व्यास भक्ति विस्तार।
रूपरसिक हरिव्यासकौ, नाम सकल श्रुतिसार॥३॥
स्वयं कृष्ण हरिपद अरथ, प्रिया अर्थ राधाजु।
रूपरसिक हरि प्रिया भजि, मिटे सकल बाधाजु॥४॥
स्वयं कृष्ण हरिपद अरथ, व्यास राधिका जानि।

रूपरसिक हरिव्यास कौ, नाम युगल करिमानि।।५।।
हरि कहता अघ सव हरै, व्यास कहत सुखरास।
होइ तुरत मुख उचरता, रूपरसिक हरिव्यास।।६।।
श्रीराधा हरिकृष्ण पुनि, व्यास जानि तन चारि।
देव सखी त्रिगुणी नृगुण, अर्थ यहै उर धारि।।७।।
हरिपद राधा व्यास हरि, ओत प्रोत दोउ नाम।
रूपरसिक हरिव्यास भजि, आपहि श्यामा श्याम।।८।।

॥ चौपाई ॥

इति हरिव्यास देव मञ्जरी। त्रय नानारथ सम्पति भरी।।
दम्पति कृपा महा रस झरी। अनायास भवसागर तरी।।
निर्गुण रसिकन जीवनि जरी। दायक भाव युगल सहचरी।।
बटकें बीज न्याय अनुसरी। पूरण रूप रसिक वर करी।।

॥ माझ ॥

इति श्रीमत हरिव्यासदेव यश, अम्मृत सागर लहरी।
तीनमास हरिव्यास देवके, तास अर्थकी गहरी।।
या लहरी चौथी सुखदाई, रसिकनकी मनभाई।
रूपरसिक कृत महा सुहाई, निज पूरणता पाई।।१।।

॥ इति चतुर्थी लहरी ॥

॥ दोहा ॥

लहरी पँचमी अब लिखौं, सुमिरि देव वनराज।
तामहँ चौदह रत्नकी, बात महा सुख साज।।१।।

॥ राग अल्हय्या विलावल ॥

अथ श्रीमत हरिव्यास यश, चौदह रत्न सुनाम।
महा दिव्य रसनिधि प्रगट, रूप रसिक हिय धाम।।१।।

॥ आभास दोहा ॥

भक्तन मन भावन पतित, पावन सावन प्रेम।
ऐसे श्रीहरिव्यासजू, गाय सदा सजि नेम॥

॥ दोहा विशेष ॥

भक्ति भावन पतित पावन प्रेम सावन गाइये।
माया त्रिगुण प्रसूतिका गुरु श्रीहरिव्यास मनाइये॥१॥
महा मुनिवर तीन पुरचर सकल मुख घर पद गहौ।
आचारज बहु वृन्द स्वामी, श्रीहरिव्यास सदा कहौ॥२॥
ग्रन्थ करता मोंह हरता रसिक भर्ता रस घना।
श्रीभट पट महाराज श्रीयुत श्रीहरिव्यास भजौ मना॥३॥
दिशा जेता सकल नेता भक्ति खेता चित धरौ।
रसिक रसनिधि चतुर सबविधि श्रीहरिव्यास भजन करौ॥४॥
सर्वाचारज महा आरज कारज सुर नर के करन।
श्रीहरिप्रिया स्वरूप अवगति श्रीहरिव्यास भजौ चरन॥५॥
महावाणी युगल दानी रसिक गानी जिनि कही।
युगलरूप अनूप सबदिन श्रीहरिव्यास भजौ सही॥६॥
हरण दुखके करण सुखके चरण पंकज जासके।
मन वचन क्रम करि भजौ पद सर्व गुरु हरिव्यास के॥७॥
कमल लोचन दुरित मोचन अँग गोरोचन छबी।
गणपति स्वरपति अनन्तके पति भजि हरिव्यास महाकवि॥८॥
सँग सन्त अनन्त राजत प्रेममें मेंमन्तजू।
अति उदार अगार विद्या भजि हरिव्यास महन्तजू॥९॥
अति सुशील रँगील दम्पति देत ढील न सो करै।
अर्द्धनाम उचार जिनकौ त्रिविध ताप तुरत हरै॥१०॥
छाप तिलक सुनाम माला मंत्र पाँचौ दायकम्।
देत युगल समीप धरि हरिव्यास सतगुरु नायकम्॥११॥

हरि अर्थ नँदनन्द मानों व्यास जानों राधिका।
हरिप्रिया हरिव्यास आनों उर सदा भव वाधिका।।१२।।
शरण श्रीहरिव्यासजूकी कृष्ण श्रीमुख गावहीं।
चरण आश्रित बिना तिनकी नित विहारिन पावहीं।।१३।।
श्रीभट शिष्य अनेक तिनकी मुकुट मणिगण भास्करं।
नाम अति अभिराम तिनकौ त्रिविध ताप विनाशकरं।।१४।।
रूप रसिक ये रत्न चौदह यत्न कर गावैं कोऊ।
अतनु हतन जु होय ताकौ युगलजू पावै सोऊ।।१५।।

॥ दोहा ॥

इतिश्री रूप रसिक कृतं चौदह रत्न सुनाम।
पूरण श्रीहरिव्यासके पाये रसनिधि ठाम।।१६।।

॥ चौपाई ॥

इति हरिव्यास यशामृत सागर। श्रीगुरु भक्ति प्रेमकौ आगर।।
ताकी पँचमि लहरि सुहाई। पूरणता पाई मन भाई।।

॥ इति पंचम लहरी ॥

॥ दोहा ॥

छठी लहरी जानि अब, लिखूँ दोयता माँहि।
पँचरत्न अरु षट रतन, महा मनोहर आँहि।।१।।

॥ दोहा विशेष राग अल्हया विलावल ॥

श्रीवृन्दावन माँहि राजत हंस राधानाथजू।
सनकादिक गुरु श्यामश्यामा हरिप्रिया सखि साथजू।।१।।
सनासनमें क्षीरसागर रमानाथ विराजहीं।
कृपाचारज महाआरज सनकादिक तहाँ भ्राजहीं।।२।।
नारदाश्रम सुनो सन्तो नारदकुण्ड निगम कहैं।
त्रेताचारज महोदारज निम्बादित गुरु तहाँ रहैं।।३।।
सकल सुखको धाम श्रीमत निम्बग्राम बखानिए।

द्वापरयुग आचार्य राजा वसत तहाँ उर आनिए।।४।।
श्रीनिवासाश्रम कहौं श्रीकुंड शुभ व्रजमण्डमें।
कल्याणा चारज नितरहैं तहाँ जानत चौदह खण्डमें।।५।।
पाँच रत्न सुनाम निशिदिन रूपरसिक जो गाइहैं।
चारियुग आचार जनके स्थान वस सो पाइहैं।।६।।

॥ इतिश्री पंचरत्न समाप्तम् ॥

॥ अथ षटरत्न लिख्यते ॥

॥ दोहा विशेष ॥

श्रीवृन्दावनकी कोकहै महिमा वैकुण्ठ तासम नाहिंजू।
सनकादिक गुरु श्यामश्यामा हरिप्रिया तामाँहिजू।।१।।
तहाँ यमुना स्नान कीजै लीजै सुख गोविन्दकौ।
दरश करि बंशीवटादिक महा आनँद कन्दकौ।।२।।
सनासनकी अधिक महिमा क्षीरसागर न्हाइए।
शेषशायी दरश करिए सनकादिक पद ध्याइए।।३।।
नारदाश्रम महा महिमा नारदकुण्ड में न्हाइए।
युगलजुकौ ध्यान करि तहाँ श्रीनारद गुण गाइए।।४।।
निम्बपुरकी अमित महिमा रंगकुण्ड में न्हाइए।
श्रीनिम्बादित चरणमें तहाँ अनन्य चित्त लगाइए।।५।।
श्रीनिवासाश्रम सु महिमा अनन्त श्रीकुण्ड वर्णकौ।
स्नान करि तहाँ ध्यान धरि मन श्रीनिवास सुचरणकौ।।६।।
जोकेउ बडभाग नर बरषट रतन नित गाइहै।
रूपरसिक सुजान मनसों सही दम्पति पाइहै।।७।।

इति श्रीषटरत्न समाप्तम्।

॥ चौपाई ॥

इति हरिव्यास यशाःमृत सागर। तामें पंचषट रत्नउजागर॥
ताकी छटी लहरि सुखराशी। पूरण भई महा अघनाशी॥

इति छठी लहरी ॥६॥

॥ दोहा ॥

लहरी सप्तमी में लिखों, सूक्षम मन उपदेश।
बहुरिजु चौदह चौपई, भरी सुयश भगतेश॥१॥

अथ सूक्ष्म मन उपदेश लिख्यते।

॥ दोहा ॥

रेमन श्रीहरिव्यास भजि, दायक श्यामा श्याम।
अखिल लोक गुरु प्रेम निधि वासी दम्पति धाम॥१॥
रेमन षटपट छांडिदै, श्रीभट दास मनाय।
वनवासी नट मुकुट धरि, प्रिया मिलै तव आय॥२॥
रेमन जगसों प्रीति तजि, भजि भजि भजि हरिव्यास।
सजि सजि निर्गुण संगको, तव पावौ सुख रास॥३॥
निर्गुण संग हरिव्यासकौ, और त्रिगुण सब जान।
ताविन राधा लालसौं, होय नहीं पहिचान॥४॥
रेमन श्रीहरिव्यासजू, आचारज राजेश।
चरण शरण तिनकी विना, मिलै न भूलि वनेश॥५॥
रेमन श्रीहरिव्यासजू, श्रीहरिप्रिया सुजानि।
श्रीदासी श्रीयुगलकी, सदा सखी अगवानि॥६॥
रेमन श्रीहरिव्यासजू, दश दिश जीतन हार।
अति उदार सब जगत में, कियो भजन विस्तार॥७॥
रेमन श्रीहरिव्यासजू, परम कृपाल सुजान।
चरण शरणही मात्र ते, देत युगल वरदान॥८॥
कर्म धर्म सब तजि मना, भजिलै श्रीहरिव्यास।
तव पावै तू प्रेम निधि, श्रीमत विपिन विलास॥९॥
रेमन निश्चय जानि तू, लोभ सकल अघ मूल।
सो तजि भजि हरिव्यासजू, ह़रण ताप त्रयशूल॥१०॥

रेमन श्रीहरिव्यास विन, तेरो नाहि न कोय।
तास कृपातें पाइये, प्यारी प्रियतम दोय॥११॥
रेमन चञ्चल सकल तजि, खल मेरी यह बात।
सुनि हिय धरि हरिव्यासके, चरण अरुण जल जात॥१२॥
रेमन या कलि काल में, और उपाय न मित्त।
अर्द्ध नाम हरिव्यासकौ, भजौ सदा दृढ चित्त॥१३॥
कर्म धर्मकी पासतें, रेमन बँधिए नाहि॥
भजिये श्रीहरिव्यासजू, रसिक मण्डली माहि॥१४॥
रेमन भूलि न कीजिए, साधुन को अपमान।
सो अपराध छूटै नहीं, कहतजु वेद पुरान॥१५॥
रेमन श्रीश्रीहरिव्यास के, दास चरन की धूरि।
शिर धरिए अति प्रीतिसौं, दायक मङ्गल भूरि॥१६॥
रेमन श्रीहरिव्यासके, दासन के संग पाय।
महा प्रसाद जल आदिदै, और संग नही खाय॥१७॥
भजन तेज घटिजात है, और संग में खात।
ताते शठ यह समझिले, मेरी उत्तम बात॥१८॥
रेमन श्रीहरिव्यास के, दास दास पर साद।
सदा नेम धरि पाइए, धारि हिये अहलाद॥१९॥
साधु धर्म हरिव्यास के, दासन तें मन सीख।
तिन विन मिलै न लोक में, साधु धर्म की भीख॥२०॥
रेमन श्रीहरिव्यासजू, रसिकन कौ धन प्रेम।
तिनके चरणाश्रित बिना, बँध्यो सकल जग नेम॥२१॥
रेमन श्रीहरिव्यास के, दास जान पितु मात।
तिनहीसों कीजै सदा, महल टहल की बात॥२२॥
रेमन या संसार में, भजन अनेक प्रकार॥
श्रीहरिव्यास उदारकौ, भजन सारकौ सार॥२३॥

तू मेरौ अतिही हितू, तोसों कहौं विचारि।
रेमन निहचौ करसदा, श्रीहरिव्यास चितारि॥२४॥
राधा माधव मिलन की, बात यहै सत जान।
रेमन श्रीहरिव्यास पद, होय तवैं पहिचान॥२५॥
रेमन दृढ करि उर धरौ, यहै बात सिद्धान्त।
युगल मिलावन और नहि, श्रीहरिव्यास उपरान्त॥२६॥
रेमन श्रीहरिव्यास के, दासनकौ करि संग।
तब तेरे दृढ लागिहै, गौर सावरो रंग॥२७॥
श्रीवृन्दावन माधुरी, अद्भुत नित्य विहार।
रेमन श्रीहरिव्यास बिन, पावै नाहि लगार॥२८॥
रेमन श्रीहरिव्यास पद, धर्‌यो न तौलौ शीश।
जोलौं हिय कहौ क्यों बसै, वृन्दावन बन ईश॥२९॥
जबलग श्रीहरिव्यासकी, शरण भयो मन नाँहि।
वृन्दा विपिन विहार छवि, क्यों आवै चित माँहि॥३०॥
सब बातन की बात यह, रेमन भजि हरिव्यास।
ताविन तेरी सकल विधि, मिटै नहीं भव फास॥३१॥
रेमन करि एकादशी, जन्म कर्म चितलाय।
सदा चार करि प्रीतिसों, रसना दम्पति गाय॥३२॥
रेमन भटक्यो बहुत तू, अब कछु समझि सयान।
अम्मृत श्रीहरिव्यास भजि, छाडि विषय रसपान॥३३॥
कलियुग दोष समुद्र है, तामें है गुण एह।
रेमन श्रीहरिव्यास के, करैं नाम सों नेह॥३४॥
आचारज हरिव्यासजू, महा वाणी परकाश।
वेदनकों, दुल्लभ महा, वरन्यों महल विलास॥३५॥
रेमन श्रीहरिव्यास कें, दास चरण उरधारि।
छाडि सकलसों प्रीतितू, मैं तोहि कहौं विचारि॥३६॥

मनकी प्रीति तहाँ लगै, ताही गति कौ जाय।
तातेरे मन समझितू, हरिव्यासहि चितलाय।।३७।।
नित्य सनातन अज अमर, श्रीहरिव्यास उदार।
सुरनर मुनि जन दीन हित, प्रगटत बारम्बार।।३८।।
सूक्ष्म मन उपदेश यह, दोहा शुभ चालीस।
रूपरसिक जो गाइ है, सो पावै बन ईश।।३९।।
इति श्रीरूपरसिक कियो, सूक्ष्म मन उपदेश।
पूरण अघतम कौ यहै, दूरी करण दिनेश।।४०।।

इति श्रीसूक्ष्म मन उपदेश समाप्तम्।

अथ चौदह चौपाई लिख्यते।

॥ चौपाई ॥

वाँचे पोथी चमडी कूटै। साधु कहावै खोसै लूटै।।
जगत छोड चाहै ब्यौहारा। पढिकै भजै नही करतारा।।१।।
विषयी होय धरै जो ध्यान। गिरही कहैं ज्ञान विज्ञान।।
तप व्रत धारि होय जो क्रोधी। वैरागी पारा पुट शोधी।।२।।
भक्त होय पुनि भग कौ सेवै। हरिजन कलप्यौ दानजु लैवै।।
नरतन पाय कृष्ण नहिं जापी। इक पापी को होय मिलापी।।३।।
विद्या वेचि उदर जो भरहीं। जो काहू की निन्दा करहीं।।
देत फिरै जो शापा शापी। पुनि कोउ आन मंत्रकौ जापी।।४।।
मागै गाम देहुरा सेवै। आन देव की जूँठजु लेवै।।
श्राद्ध कनागत हरिजन खावै। हरि अर्पण विन जो कछु पावै।।५।।
वेद पुराण उलंघि जो चालै। बिना गुरु डालै गल मालै।।
साधु देखि दण्डोत न करहीं। सन्तन वचन हृदय नहि धरहीं।।६।।
राज अन्न पावै जो कोऊ। मिथ्या बात कहै जन सोऊ।।
एकादशी दिना अँन पावै। सम्प्रदाय शरणै नहिं आवै।।७।।
हरि भक्तनसों प्रीति न जोडे। जो कोउ वर पीपर कौ तोडै।।

सन्यासी शस्तर जो धारै। अज्ञ मनुष जीवादिक मारै।।८।।
हरि प्रसाद को छूति लगावै। मानुष वुद्धि गुरुसौ ल्यावै।।
चरण सुधा पानी करि जानैं। पाहनादि हरि अरचा मानैं।।६।।
भक्तनकी जो जाति बखानैं। आन देव सम श्रीहरि जानैं।।
अन श्रद्धा उपदेश करै जो। पर सम्पति यश देखि जरेजो।।१०।।
नाम महातम साँच न धरहीं। नाम भरोसे पापजु करहीं।।
नारी में मन जाका जावै। विमुख संग में जो कोउ पावै।।११।।
विमुखनसों मित्राई जोडै। काहूकौ मन फोडै तोडै।।
जोकोउ मादिक वस्तु जो पीवै। पुनि पापी जनकौ कोई छीवै।।१२।।
ऐसी बुद्धि चलैं नर नारी। तिनकौं ठोर न नरक मँझारी।।
सकल पुराणन माहि कहानी। इनमें एक बात नहि छानी।।१३।।
ए उनचास बात छिट कावै। सो हरिव्यासी जन मन भावै।।
सन्त कृपाल होय ताइन पर। रूपरसिक पावै सो सुख घर।।१४।।

।। दोहा ।।

इति श्री चौदह चौपाई, रूपरसिक यह कीन।
सम्पूर्ण सब ग्रन्थ मथि, दीज्यौ मति त्रिगुणीन।।

इति श्री चौदह चौपाई समाप्तम्।

।। चौपाई ।।

इति हरिव्यास यशामृत सागर। सनहु भक्त मन करिये कागर।।
महाविचार अर्थ की गहरी। पूरण भई सप्तमी लहरी।।

इति सप्तमी लहरी।।७।।

।। दोहा ।।

लहरि अष्टमी अब लिखूँ, सूक्षम हित उपदेश।
मंत्र मोहनी जानि पुनि, महिमा बहुरि बनेश।।

अथ सूक्षम हित उपदेश लिख्यते।

॥ दोहा ॥

वन्दौ श्रीहरिव्यासजू, माया गुरु भगतेश।
तासु कृपा करि कहतहौं, सूक्षम हित उपदेश॥१॥
व्याहि १ परोजन २ कारटौ ३, होम ४ कनागत ५ खाहि।
व्यातीपात६ मावस७ ग्रहण८, तुला९ दान१० मखमाहि११॥२॥
सती द्रव्य१२ सुतजनमकौ१३, नौतनवधू१४ विवाहि१५।
कंकणकौ १६ रण चढनकौ१७, हरिजन लेत न ताहि३॥३॥
चढ्यौ ऊतर्‍यो देवकौ १८, वारि फेंरिदियो दान१९।
मूलशान्ति२० संक्रातिको२१, आन उचिष्ट२२ अमान२३॥४॥
कलप्यौ२४ कुँवारे हाथकौ२५, विमुख साथकौ भोज२६।
अननि होय अनुरक्तिहै, तो जाई भक्तिकौ खोज॥५॥
निद्रा२७ निन्दक२८ नीचधन२८, भइया३० भूत३१ फरेश ३२।
पीर शीरणी खायकैं३३, खोवैं सुकृत जुलेश॥६॥
नाविस्वासी३४ गुरुत्वमुख३५, अघी ३६ उपासी अन्य३७।
कष्टी३८ दुष्टी३९ प्रेतेकौ४०, लेत न कवहु अनन्य॥७॥
सदा प्रेत इन में रहैं, जो कोउ इनको लेत।
भ्रष्ट बुद्धि ह्वै भजन में, कबहु न आवै चेत॥८॥
सुनों विचक्षण कहे अप, लक्षण ए चालीश।
इनहिं टारि पग धारिहैं, सो पावैं पदईश॥९॥
जैसें काँजी दूधमें, परै बूदही आय।
हरिविमुखन के अन्नतें, ऐसे भक्ति विलाय॥१०॥
चातक कीसी व्रत धरैं, करैं न अन्य अपान।
एक स्वाँति बूँदी बिना, सब जल खार समान॥११॥
रूपरसिक जो होय कोउ, सो चालौ इहिं माग।
तौ श्रीहरिव्यासीन में, पावौ बडौ सुहाग॥१२॥
दोहा हित उपदेशके, द्वादश कहे बनाय।

रूपरसिक जन धारियौ, श्रीहरिव्यास मनाय ॥१३॥

इति श्रीसूक्ष्म मन उपदेश समाप्तम्।

अथ मंत्र मोहनी लिख्यते।

॥ दोहा ॥

युगल रूप हरिव्यासकी, मंत्र मोहनी नाम।
लिखौं प्रेम पर दोहनी, दैंन सोंहनी श्याम॥

॥ दोहा ॥

हरिव्यासदेवायनम, या सम सुरतरु नाहि।
वामें भक्ति न मुक्ति है, परा प्रेम या माहि॥२॥
हरिव्यासदेवायनम, मंत्र जपै जन कोय।
वनचारीसो पाइये, प्यारी प्रियतम दोय॥३॥
हरिव्यासदेवायनम, मंत्र जपै निशि भोर।
महल सहलसो पाइहै, अद्भुत युगल किशोर॥४॥
हरिव्यासदेवायनम, नव अक्षर निज जान।
या विन राधालालसों, होय नही पहिचान॥५॥
हरिव्यासदेवायनम, ए नव अक्षर नेह।
बिना नेह नहि पाइए, प्यारी प्रियतम गेह॥६॥
हरिव्यासदेवायनम, पुनि श्री आदि वखानि।
नव अक्षर नवधा समझि, दशधा प्रेम सुजानि॥७॥
हरिव्यासदेवायनम, मंत्र यहै आराधि।
गुरु मनु विन हरिनामिलैं, कहौं सकल श्रुतिसाधि॥८॥
हरिव्यासदेवायनम, मंत्र यहै अति तेज।
याके जपही मात्रतें, द्रवै युगल करिहेज॥९॥
हरिव्यासदेवायनम, सर्व मंत्रकौ मंत्र।
जपै तास आधीन है, अतिही युगल स्वतन्त्र॥१०॥
हरिव्यासदेवायनम, नव अक्षर नव प्रेम।

नेमधारि जप करतनर, तासु मिलै घर क्षेम ।।११।।
हरिव्यासदेवायनम, मंत्र यहै श्रुतिसार।
विन गुरु मंत्र न हरि मिलै, कहै सन्त निरधार ।।१२।।
हरिव्यासदेवायनम, मंत्र युगल यह जानि।
विन अधिकारी कहौ मति, अति कहा कहौं वखानि ।।१३।।
हरिव्यासदेवायनम, मंत्र महा ऽमृतसार।
ताकौ आस्वादन कियें, लगै मुक्ति सुख खार ।।१४।।
हरिव्यासदेवायनम, मंत्र महावलवन्त।
दोय बरण ताके जप्या, यमरानो डरपन्त ।।१५।।
हरिव्यासदेवायनम, पाप काठकौ आगि।
अनत जन्म के त्रिविधअघ, सकल जरावै लागि ।।१६।।
हरिव्यासदेवायनम, मंत्र जानि पछिराय।
सर्वजन्मके त्रिविधअघ, अहिसम सव चुनिखाय ।।१७।।
हरिव्यासदेवायनम, मंत्रसु अद्भूत चन्द्र।
भक्त चकोरनकौं सवै, सदा प्रेम सुखकन्द ।।१८।।
हरिव्यासदेवायनम, जो उचरै बडभाग।
चहल पहलकौं पाइसौं, अविचल युगल सुहाग ।।१९।।
हरिव्यासदेवायनम, मंत्र महोदधिराज।
ताभीतर दोउ लालहैं, सकल रत्न सिरताज ।।२०।।
हरिव्यासदेवायनम, काम धेनुकौ काम।
तीन पदारथ तासुमें, यामें श्यामाश्याम ।।२१।।
हरिव्यासदेवायनम, सव मंत्रनकौ राय।
ताविन मंत्रन सिद्ध ह्वै, किये जुकोटि उपाय ।।२२।।
हरिव्यासदेवायनम, भाख्यो मन्त्र अनन्त।
ताके उचरत सकल अघ, दवि मरिजात तुरन्त ।।२३।।
हरिव्यास देवायनम, दायक युगल तुरन्त।

तावनि तीनौं कालमें युगल नहिये फुरन्त ।।२४ ।।
हरिव्यासदेवायनम, सब मंत्रनकी कील।
याविन सकलन सिद्धहै, कीलजुलगी अडील ।।२५ ।।
हरिव्यासदेवायनम, को कहिसकै बखान।
जाके जपतें तुरतहै, वश राधा भगवान ।।३६ ।।
युगल रूप हरिव्यासकी, मंत्र मोहनी नाम।
रूप रसिक गावै सुनें, सोपावै रँगधाम ।।२७ ।।
रसिक होय हरिव्यास, पदतिनसौं यहै प्रकाश।
जिनके हिय में जगमगै, श्री हरि प्रिया उपास ।।२८ ।।
तेईजानौं आपनौ और आनि सबजान।
तिनसौं भूलिन कीजिये, गुरुमत की पहिचान ।।२९ ।।
रूपरसिक बिनती करै, बार बार करजोर।
हरिव्यासिनके वृन्दसौ, बहुत निहोरि निहोर ।।३० ।।
मंत्र मोहनी आनसों, कहौ जुमति सबसाध।
धीठ्यो करि तुमसों, कहौं क्षमो मोर अपराध ।।३१ ।।
मंत्र मोहनी के कहे, दुहा वीशदस और।
रूपरसिक ताके गुणें, मिलै जुश्यामल गौर ।।३२ ।।
इति श्रीरूपरसिक कृत, मंत्र मोहनी नाम।
तीन तीस दोहासही पूरणता सुखधाम ।।३३ ।।

इति श्रीमंत्र मोहनी सम्पूर्णम्।२

अथ श्रीवृन्दावन धाम महिमा मंजरी लिख्यते।

॥ दोहा ॥

प्रथम वन्दि हरिव्यासपद, श्रीवृन्दावनधाम।
महिमा मंजरी लिखतहौं, पुनिभजि श्यामाश्याम ।।१ ।।
श्यामाश्याम विहार निज, वृन्दाविपिन उदार।
अर्वखर्व वैकुण्ठकौ, गर्व मिटावन हार ।।२ ।।

जय वृन्दावनधाम, निज सकल लोक सिरताज।
सर्वेश्वर सर्वेश्वरी, तहाँ करत युवराज॥३॥
अवधादिक हरिधामकौ, फलवैकुण्ठ कहन्त।
वनरजऊपर वारियेसो, वैकुण्ठ अनन्त॥४॥
जय जय जय वृन्दाविपिन, युगल केलि आगार।
अनायास सुखरासि युगल तिहि वरबट आनि मिलाई।।
दरश परस तिनकौ कोउ करिहै ते भव सहज तराई।
धनि धनि भ्राता माता पितु तिनकौ काल जोरिकर वदन अनंत कराई।।
रूपरसिक ते तीन लोक में पावन पतित सदाई।।

॥ इतिरागविहागरो ॥

॥ अथसोरठ आभास ॥

जिनके चरण सुशरण की सबके जिय जिज्ञास।
ऐसे परम कृपाल प्रभु, वन्दौं श्रीहरिव्यास।।

॥ पद ॥

बन्दौ श्रीहरिव्यास कृपाल।
पतित पावन भक्तभावन एकर सतिहुँ काल।।
शरण तिनकी आय लीनीद्वादशो गोपाल।।
ऐसे समरथकोन जगमें करण हार निहाल।।१।।
जक्त उपजावै हरें अरु करें सबकों पाल।।
सोई भक्ति सहाइ कारण तकशिरण विशाल।।२।।
गह्यो जलमें ग्राहगजको कियो अतिहि विहाल।।

तहाँ अर्द्धहि नाम करि करि काढ्यो सकल जँजाल।।३।।
एक मात्राही न अर्द्धसुनामलहि शशि भाल।।
ह्वैरहे महादेव शंकर हरण काल कराल।।४।।
देखि अनुचर दीन जन पर दयाद्रवत दयाल।
पलक लहरि दरयाव जैसे करत खलक खुश्याल।।५।।
रहत निशिदिन हरि प्रिया है निकट राधा लाल।।
रूपरसिकहि जानि अपनों देहुं भक्ति रसाल।।६।।

।। आभास दोहा ।।

वाहिर भीतर युगल की, सदाजु एक प्रधान।
सो हरिव्यास सुजान भजि, दायक प्रेम निधान।।

।। पद ।।

भजिये श्रीहरिव्यास सुजान।
वाहिर भीतर युगज जू की छवि सदा दृढपान।।
रसिक नायक युगल दायक सही सो भगवान।
या विना प्रिया लाल जू सो होत नाहिं मिलान।।१।।
राधिका हरि अनँत लीला सकल को सो पान।
रूपरसिक सु प्राण जीवन धन श्री हरिव्यास निदान।।२।।

।। इति राग सोरठ ।।

।। अथ राग खम्माच आभास दोहा ।।

जिनकी पद धरी परसि, होत अमंगल नास।
ह्माने प्यारा लागे हो श्री हरिव्यासी दास।।१।।

।। पद ।।

हो हरिव्यासी म्हाने प्यारो लागें जू।
तिनकी चरणरेणु सपरस ते सकल अमंगल भाजें जू।।
नेम पासते छुटे रस जुटे प्रेम के धागे जू।
तिनकी कृपा द्रवे दम्पति यों जैसे स्वर्ण सुहागे जू।।

नित्य विहार विना तिनकी मति गति रति अन तन पागे जू।
रूपरसिक भगतेश भूप गुण गण मन अनुरागे जू।।

॥ आभास दोहा ॥

हरिव्यासी जन मोंहि अति, भावैं परम सुशील।
जो प्यारी पियको सही, देत करें नहिं ढील।।

॥ पद ॥

हो हरिव्यासी जन मोहि भावे जू।
जिनके दरश परस करि श्री हरि राधा उरजु बसावें जू।।
महावाणी दोउ लाल मिलानी प्रेम कहानी गावें जू।
युगल सेव विन आन एव कछु भूलि न मन में लावें जू।।१।।
जो कोउ चरण शरण है तिनकी सो फिर जग नहिं आवे जू।
रूपरसिक भगतेश भूप विन को यश अम्मृत वर्षावें जू।।

॥ आभास दोहा ॥

हरण अमंगल व्यास सब, करण सुमंगल रास।
सो भजिये हरिव्यास जू, परा प्रेम परकास।।

॥ पद ॥

सकल अमंगल करण हरण त्रयताप
दुख सुख पायो निधि भज सदा हरिव्यास जू।
तासु बिन सकल संसार में और नहि
त्रिगुण जन गणमही हरण अघ नासजू।
अखिल ब्रह्माण के रसिक चातकनकी
जाविना कोन मेटे प्रणय प्यासजू।
रूप रसिकेश सर्वेश भक्तेश प्रण
हरिप्रिया रूप श्रीभटके दासजू।।३।।

॥ इति राग खम्माचकी ॥

॥ चौपाई ॥

इति हरिव्यास यशा मृतसागर। लहरि तेरही चार रागधर॥
शुभग सुहाये पदहें यामें। पूरणता पागहें यामें॥१३॥

॥ इति श्री त्रयोदश लहरी लीला ॥१३॥

॥ दोहा ॥

लहरि चौदही लिखों अब तामें राग जुतीन।
पंचम अखण्ड वृन्दावनी काफीहै रंगभीन॥

॥ अथ राग पञ्चम आभास दोहा ॥

जयति नमोनम जय नमो युगल रूप श्रीहंस।
अमित रूप धरि जगतहित प्रगट कियो जिनवंश॥१॥

॥ पद ॥

जय नमो जय नमो जय नमो जय नमो श्रीयुगल सरूपा।
भक्ति प्रेमादि सब दिये सनकादिकों किये तिहुँलोक के भक्त भूपा॥
जयजय सनकादि जग आदि नारद
मुनीनिम्ब आदित्य नित्य ध्यान कीजें।
जय जय श्रीनिवास विश्वपुरुषोत्तम
जय जय जय श्री विलास को नामलीजै॥१॥
जय जय निज रूप माधव सुवल
भईजु पद्म श्रीश्याम सुखधाम गावौ॥
जय गोपाल श्रीकृपा चारज देव दशोदिश जीत सबदिन मनावौ॥५॥
जय जय सुन्दर सुभट पद्मनाम प्रभो जय जय उपइन्द्र श्रीराम चन्द्रम्॥
जय जय वामन जयति कृष्ण पद्माकरं।
श्रवण भट भूरि महा भक्त इन्द्रम्।
जय जय बलभद्र जय गोपिनाथम्॥
जय जय केशव सुमंगलसु। जयजय केशव काशमीर॥
सुयश अमितगाथं।

जय जय श्रीभट पटराज हरिव्यासजू सकल अघनाशजू अद्वनामो।
दशदिशि जीति सब नेतिदेव्यादि
गुरु भक्त जनईश महा प्रेमधामो॥५॥
सदाजपि सदाजपि गुरु परम्परा यह श्याम श्यामा सुपद प्रेमदाई।
विना इनकी शरण रूप रसिकौ
सुनों मिलें नहिं युगल कहों शपथखाई॥६॥

॥ आभास दोहा ॥

श्रीहरिव्यास सुजानको धरिये ध्यान अखण्ड।
प्रचुर सुयश तिनकौ सदा व्यापि रह्यो ब्रह्मण्ड॥

॥ पद ॥

धरिये मन ध्यान कल्याण मयं। नमि श्रीहरिव्यास जनेश कौ॥
दीनदयाल प्रगट तिहुँ काल है। अज अव्यय सर्वेश कौ॥१॥
गौर वर्ण आ जानु वाहु दृग कंजसु महासु देश कौ॥
रूपरसिक देव्यादि कृपाल को सो प्रभु सदा महेशकौ॥२॥

॥ इति राग पंचम ॥

॥ अथ राग षट ॥ आभास दोहा ॥

नमो नमो जय जय नमो, भक्त भूप हरिव्यास।
जिनके आधे नामतें, होत पाप सव नाश॥१॥

॥ पद ॥

जय जय नमो नमो हरिव्यासजू।
भक्त भूप हरि प्रिया रूप पुनि। अति अनूप श्रीदासजू॥
जिनके अर्द्ध नाम की महिमा गावत श्रुति इतिहास जू।
भक्त आश जा विन कों पुर वै महावाणी परकाशजू॥१॥
अचल अकल थिर चर के स्वामी सदा युगल के पासजू।
रूप रसिक जन प्यासजू॥

॥ इति राग षट ॥

॥ अथ राग वृन्दावनी काफी आभास दोहा ॥

श्रीस्वामी हरिव्यास के, दास मही तिहु लोक।
आन दास के लगत हैं, सब दिन ठोका ठोक।

॥ पद ॥

सही हरिव्यास के दासा।
और दास भव पास वधत है लगे त्रिगुण की आशा।
महा सुखद निर्गुण पद वेहद तहॉं किया निज वासा।
धर्म अर्थ अरु काम मोक्ष ए चारों की तजि पासा॥१॥
क्या सटकी पुनि जक्त वास की कर्म व्यथा सब न्यासा।
सदा महल की चहल पहल देखत तहाँ तमासा॥२॥
महा छके अति पके परारस अन्दर खरा उजासा।
रूपरसिक भक्तेश भूप मिलि विचिरत सदा खुलासा॥३॥

॥ आभास दोहा ॥

हरी भरी सव दिन खरी, दरी महा दुख क्यास।
परा प्रेम रस की झरी, सेवा श्रीहरिव्यास॥

॥ पद ॥

खरी हरिव्यास की सेवा।
हरी भरी सुख करी हरी दुख। देत युगल छवि मेवा॥
मिलैं नहीं हरिव्यास सेबकि हूँ अमित उपाय करे वा।
कृपा करें दम्पति सुख सम्पति तवै लहै कोई भेवा॥१॥
त्रिगुण राय उडाय भली विधि। निगुर्ण पद की देवा॥
भव सागर उतरन को नौका और भली विधि खेवा॥२॥
युगल छैल अति ही अरैल सहजे आनि मिलेवा॥
ऐसी और न फल की दाता गंगा काशी रेवा॥३॥
सव सुख धाम श्याम श्यामा पद महल टहल उरझेवा।
केवा दूरि करी यम भट कें आन वसाना देवा॥४॥

भक्तवत्सला शरण पालिका स्वतः सिद्ध यह टेवा।
रूपरसिक सब हरि रसिकनि कौ है सेवा यह ठेवा।।५।।

॥ आभास दोहा ॥

सब तजि रे मन भजि सदा, श्रीहरिव्यास महन्त।
तिन की कृपा चितो निर्ते, मिलें राधिका कन्त।।

॥ पद ॥

सकल तजि भजि हरिव्यास महन्ता।
अति उदार आगार प्रेम के जनाधार भगवन्ता।।
अनतरयामी तिहुँ पुरगामी परा प्रेम में मन्ता।
अनंत उधारै पापी शापी भवसागर डूवंता।।१।।
जिन वरणी महावाणीरानी सर्व वेद को तन्ता।
जिनको यश गावत त्रिभुवन में त्रिगुण नृगुण बहुसंता।।२।।
तास चरणकी शरण बिना नहिं मिले राधिका कंता।
रूपरसिक भक्तेश भूपकी शरण बिना नहिं मिले राधिका कंता।।३।।

॥ इति राग वृन्दावनी काफी ॥

॥ चौपाई ॥

इति हरिव्यास यशामृत सागर। लहरि चौदही तीन रागधर।।
पूरणता पाई मन भाई। रसिकभक्त हिय लेत चुराई।।

॥ इति चतुर्दश लहरी ॥

॥ दोहा ॥

लहरि पंद्रही में लिखूं, शरण द्वादशी एक।
दूजी शरणजु मंजरी, भरी जु महा विवेक।।

॥ अथ शरण द्वादशी लिख्यते ॥

॥ दोहा ॥

जय जय श्री हरिव्यास जू, दश दिशि जीत पुनीत।
करी प्रगट जग तरण हित, महा भजन रस रीत।।१।।

जय जय श्री हरि व्यास जू, सर्व गुरु भगवन्त।
सदा सर्वदा एक रस, युगल रूप में मन्त॥२॥
जय जय श्री हरिव्यास जू, अनगण पतित निवाज।
बहुत रूप धरि करत नित, अनँत भक्तके काज॥३॥
वेद नीरमें क्षीर हरि, भजन मिल्यो रस रास।
हंस वंश प्रगट कियो, न्यारौ श्री हरिव्यास॥४॥
श्रीभट पट्टराज प्रभु, श्री हरिव्यास अतीत।
तिनकी शरणागत विना, मिलैं न दोऊ मीत॥५॥
श्री स्वामी हरिव्यास जू, सच्चिदानंद स्वरूप।
निशि दिन सेवत युगलको, है हरि प्रिया अनूप॥६॥
कृपासिंधु ध्यावै न जो, श्रीहरिव्यास उदार।
सो कहै कैसे पाइ है, वृन्दा विपिन विहार॥७॥
चरण शरण हरिव्यास की, जो आवै नरनारि।
मन वच क्रम तिनको मिलैं, श्री हरिभानु कुमार॥८॥
चरण शरण हरिव्यास की, भयो न जब लग आनि।
वृन्दावन निज धामको, कैसे हो पहिचान॥९॥
अर्धनाम हरिव्यास को, नाम लेत नर कोय।
सो अघमल त्रयतें सही, निहचैं निर्मल होय॥१०॥
सम्पूरण हरिव्यास को, नाम सुकरै उचार।
ता नर को निहचै मिलै, नवल निकुंज विहार॥११॥
जय जय श्री हरिव्यास जू, परा प्रेम के सिन्धु।
सदा सच्चिदानंद घन, रसिक जनन के बन्धु॥१२॥
रूप रसिक हरिव्यासकी, शरण द्वादशी नाम।
सुनें गुणें पुनि हिय गुणे, सो पावै रंग धाम॥१३॥

॥ इति श्री हरिव्यास देव शरण द्वादशी ॥

॥ अथ शरण मंजरी लिख्यते ॥

॥ दोहा ॥

युगल रूप हरिव्यास प्रगट आचारज हरिव्यास।
तिनकी शरण सुमंजरी लिखों वन्दि पदतास॥१॥
चरण शरण हरिव्यासकी जौलों होई न जीव।
तोलों नाहिन पाइहै, श्रीवन प्यारी पीव॥२॥
चन्दसूर्य थिरहैं नहीं नहीं धरण आकाश।
कर्म आदि त्रैगुण नहीं तवके श्रीहरिव्यास॥३॥
युगल रूप हरिव्यास की लीला अपरम्पार।
श्रीवृन्दावन धामकौ मिटे न नित्य विहार॥४॥
जवके युगल किशोरजू तबके श्रीहरिव्यास।
माया त्रिगुण प्रसूतिका तासु चरणकी दास॥५॥
श्रीवृन्दावन धाममें दम्पति नित्य विहार।
आचारज हरिव्यासजू तहां विराजत लार॥६॥
तातें सब तजि भजि सदा सर्वेश्वर हरिव्यास।
तिनके आधेनामतें होत त्रिविध अघनाश॥७॥
चारि पदारथ भक्ति पुनि प्रेम युगल सँगवास।
मिलें न कोटि उपाय करि विना शरण हरिव्यास॥८॥
जोनित्य प्रति हरिव्यासकौ नामसु करै उचार।
सो निश्चयकरि पाय हैं, दम्पति नित्य विहार॥९॥
दम्पति नित्य विहारके अगिवानी हरिव्यास।
तिनकी पदकंज आशते मिलिहैं युगल विलास॥१०॥
श्री मत युगल विलास, विन है न जन्म कौ नास।
ताते मन वचक्रमजु करि धरि हिय भजि हरिव्यास॥११॥
हरि नँदनन्दन राधिका व्यास अर्थ यह जानि।
परम हंस हरिव्यासजू युगल रूपपर आनि॥१२॥

सर्व वेद वेदान्त कौ सारनाम हरिव्यास।
ताविन यह कलिकालमें ह्वै न दूरि दुख क्यास॥१३॥
हंश वंश प्रगट भये युगल आप हरिव्यास।
अखिल लोक निस्तार हित प्रेमकरण परकाश॥१४॥
आचारज हरिव्यासकौ सब दिन वात वहीजू।
तासविना नहिं पाइए श्रीहरि अलक लडीजू॥१५॥
आचारज हरिव्यासकौ सवदिन वात भलीजू।
तिनके वस दोउ कहे श्रीहरिभानु ललीजू॥१६॥
आचारज हरिव्यासके सब दिन वात खरीजू।
तिनकी चरण शरण विना मिलें न प्रिया लरीजू॥१७॥
आचारज हरिव्यासकी सवतें बात सहीजू।
माया प्रति शरणा गति तिनकी कृष्ण कहीजू॥१८॥
दुर्लभ मानुष देहकौ इतनीही फल जानि।
युगल रूपहरिव्यासपद दृढकीजै मनमान॥१९॥
आचारज हरिव्यास के चरण धारि उरमाथ।
तबतू सहजें पाइहै दुर्लभ राधा नाथ॥२०॥
आचारज हरिव्यासकी बात जानि निरधार।
तिनकी चरण शरण विना मिलें न युगल विहार॥२१॥
आचारज हरिव्यासकी रीति भाँति कछु और।
तिनकी चरण सुसेव विन मिले न दम्पति ठौर॥२२॥
आचारज हरिव्यासकी देखो अद्भुत चाल।
चरण शरणही मात्रतें मिलें राधिकालाल॥२३॥
आचारज हरिव्यासकौ सर्व सिद्धिदा नाम।
जानि अजानि जपै जु नर सो पावें सुखधाम॥२४॥
अर्द्धनाम हरिव्यासकौ करे सकल अघनाश।
चारि वर्णपूरोजपें पावें युगल विलास॥२५॥

पुनि श्रीमंत हरिव्यासके दासनकौ करि संग।
तिनविन नाहिं पाइए दम्पति नित नवरंग ॥२६॥
युगल रंगमें रंगि रहै आन रंग करि नाश।
सो जानो या जगतमें अनन्य दास हरिव्यास ॥२७॥

॥ श्लोक ॥

भजेहंऽ हरिव्यास देवं कृपालं महाराज राजं जनेशंरमालम्
सदा भक्तभूपेशमाद्यं मुकुन्दं परं प्रेमकंदंजनानासुशंदम्।
श्रीहरिव्यास देवाय नमस्ते सुखराशाय सच्चिदानन्द रूपाय।

॥ दोहा ॥

शरण मंजरी यह कही पोथी सकल विचारि।
रूपरसिक हरिव्यासके चरण कमल उरधारि ॥२८॥
बीश आठ दोहा कहे श्लोक दोय सुख धाम।
श्रीहरिव्यास कृपालकी शरण मंजरी नाम ॥२६॥
इति श्रीरूपरसिक कृता, शरण मंजरी एह।
पूरण सब सुख की घरी, गुरुरूप पद नेह ॥३०॥

॥ इति शरण मंजरी ॥

इति हरिव्यास यशामृत, सागर की कही।
लहरिपन्द्रही ताप त्रिविधि, अघ सब दही॥
शरण द्वादशी तामहि, गुरु तन की छई।
हरिदाहौ जी शरण मंजरी, पूरणता भई॥

॥ इति पंचदश लहरी ॥

॥ चौपाई ॥

लहरि षोडश अब तुम जानहु। कृपा जु दशमीता मधिमानहु॥
सत संगति एका दशि पुनि गुनि। ता भीतर सो लिखी सदा सुनि॥

॥ अथ कृपा द्वादशी लिख्यते ॥

महावाणी मुख ते भनें सुनें युगल रतिरंग।
कृपा होय तब ही मिलें, हरिव्यासन को संग॥१॥
पाप हरण सब सुख भरन, करण दूरि अपराध।
कृपा होय तबही मिलें, हरिव्यासी प्रिया साध॥२॥
युगल तके रसमें पगे छके, विपिन छवि जाल।
कृपा होय तबही मिलें, श्रीहरिव्यास दयाल॥३॥
जग सों भये उदास जे, आश विपिन सुखरास।
जे जानों या जगत में श्रीहरिव्यासी दास॥४॥
युगल लगे जगसों भगे, पढो परारसरास॥
तेजानों या जगत में सगे दास हरिव्यास॥५॥
श्रीहरिव्यास उदार पद तास हिये आगार।
जे जानत रस रीति सव वृन्दा विपिन विहार॥६॥
जिनकी कृपाचितोनते, पावें विपिनं विलास।
कृपा होय तवही मिलें, प्रेम रासिहरिव्यास॥७॥
जोगी जंगम जे न द्विज, सन्यासी पुनि शेष।
बिना भजन हरिव्यास के, इनि के झूँठो वेष॥८॥
जोगी जंगम जैन द्विज, सन्यासी शिष आदि॥
बिना शरण हरिव्यास पद, षट दर्शन सब आदि॥९॥
युगल विना जाने नहीं, हरिव्यासी निज सन्त।
तिनकी वातन तें मिले, राधा कन्त तुरन्त॥१०॥
कृपा दशमी यह कही, दोहा दशविस्तार।
रूप रसिक भजिये सदा श्रीहरिव्यास उदार॥११॥

॥ इति कृपा दशमी ॥

॥ अथ श्रीसंत संगति एकादशी दोहा ॥

आचारज हरिव्यास कौ, अति ही समरथ जानि।
चरण शरण भई आनि वह, तीनों गुण की खानि॥१॥
श्रीहरिव्यासी दास को, काल न कबहूँ खाय।
चुनि चुनि खावें सवनि कौ, निर्गुण निकट न जाय॥२॥
निर्गुण श्रीहरिव्यास के दास सकल सिरताज।
अजर अमर तिहुँ काल में, अनन्य रसिक महाराज॥३॥
तिनही के संग कीजिये छांडि, आन सब काज।
ते विचरैं त्रैलोक में निर्भय पतित निवाज॥४॥
पतित निवाज सु जगत में हें हरिव्यासी दास।
मन वच क्रम तिन संग विन, ह्वै न जन्म कौ नास॥५॥
राधा माधव रूप में, छके रहत निशिभोर।
हरिव्यासी चाहत नहीं, मुक्ति सुखन की वोर॥६॥
दम्पति सुख सम्पति विना, जानत नाहि लगार।
हरिव्यासन की लगत है मुक्ति आदि सुख खार॥७॥
जोरी चोरी धर्म कर, करि हरिव्यासी सेव।
मनसावाचा कर्मणा, यही भक्ति की टेव॥८॥
लोक लाज पुनि राज सब, निहचैं रंग पतंग।
सकल स्वाद तजि देह के, करि हरिव्यासी संग॥९॥
हरिव्यासिन के संगते, आय मिलें दोउ लाल।
तिनकी संगति विन सही, मिलें न युगल कृपाल॥१०॥
नमो नमो नम जय नमो, हरिव्यासीजन वृन्द।
तिनकी संगति सों मिटें, जरा मरण दुखद्वन्द॥११॥
सत संगति एकादशी, पढै सुनै करि प्रीति।
रूप रसिक जो जानि हैं, हरिव्यासन की रीति॥१२॥
हरिव्यासिन की रीति यह, वृन्दा विपिन विहार।

नित्य सनातन एक रस, सब वेदन कौ सार ।।१३।।
सत संगति एकादशी, दुहा चतुर्दश जानि।
इति श्रीरूप रसिक करी, भई सम्पूरण आनि।।१४।।

।। इति श्रीसत् संगति एकादशी ।।

।। मांझ ।।

इति श्रीमत हरिव्यास देव यश अमृत सागर लहरी।।१५।।
कृपा दशमी तास विराजत महा कृपा रसगहरी।
पुनिसत् संगति ग्याारसी तामहि साधु संगके दाई।।
पूरणता पाई है लहरी रसिक जनन मन भाई।।

।। इति श्री षोडशी लहरी ।।

।। चौपाई ।।

सप्तदशी लहरी अब लिखूं। तामधि भजन अष्टमी दिखूं।।
मारू राग वसन्तजु यामें। पुनि कालिंगडोरागहै यामें।।

।। अथ भजनाष्टमी लिख्यते ।।

।। दोहा ।।

जाविन मिलै न युगलजू, परम रसिक शिरमौर।
सो भजिये हरिव्यास जू, तजि अनेक मत और।।१।।
याविन मिलें न युगल जू, परी प्रेम की रारी।
सो भजिये हरिव्यास जू, तजि अनेक मतहारी।।२।।
या विन मिलें न युगल जू, श्रीवृन्दावन चन्द।
सो भजिये हरिव्यास जू, परा प्रेम रसकन्द।।३।।
याविन मिलें न युगल जू, रसिक राज राजेश।
सो भजिये हरिव्यास, जू, आचारज सर्वेश।४।।
याविन मिलें न युगलजू, महा अनोखे छैल।
सो भजिये हरिव्यास जू, सदा युगल की गैल।।५।।
याविन मिलें न युगल जू, राधा मोहनलाल।

सो भजिये हरिव्यास जू, अतिही दीनदयाल ।।६।।
याविन मिलें न युगल जू, सर्व वेदकौ सार।
सो भजिये हरिव्यास जू, सर्ववेदकौ सार ।।७।।
जाविन मिलैं न युगल जू, तापर और न कोय।
सो भजिये हरिव्यास जू, सकल आस उर धोय ।।८।।
भजन अष्टमी यह कही, रूप रसिक हरिव्यास।
जो गावै सीखै सुनै, गुनै तास अघनाश ।।९।।

।। इति भजन अष्टमी राग मारू ।।

।। आभास दोहा ।।

युगल चरित्र विना कछू, और न श्रवण सुहाय।
सोई रसिक अनन्य हैं, और वृथा जग मांही ।।

।। पद ।।

सोई रसिक अनन्य कहावै।
जिनको युगल चरित्र विना श्रवन नहिं और सुहावै ।।
याही रँग रंग रहे रंगीले तिनही को संग भावै ।।१।।
अनु दिन रहत भावना भीनें नव नव रुचिहि बढावै।
जो कोउ वाधक या वतियन में तिनको संग छिटकावै ।।२।।
सदा सर्वदा हितू सहेली जू की कृपा मनावै।
हरसि हिये श्रीहरि प्रिय स्वामिनि अपने निकट बसावै ।।३।।
नित्य रहसि निरखत निज नैननि सैननि में समझावै।
रूप रसिक अनुपम छवि लखि लखि पुलकन अंग समावै ।।४।।

।। आभास दोहा ।।

निजदासी निज कर करें कृपा जास पर जोहि।
यह सुख दुर्लभ अति महा पावहि सुल्लभ सोहि ।।

।। पद ।।

सुल्लभ सोय लहै सुखएह।

अग्र वर्तिनि दया उरधरि करें जिन सों नेह।।
शरणहै बहु भांति जग में नाहिं जिनके छेह।
शुद्ध प्राप्ति करनको नहि और इन सम सेह।।१।।
पाप पावन करण पद नहिं कियो पावन गेह।
रूपरसिक निहारि छवि अंग पुलक पुलक हितेह।।३।।

॥ इति राग मारू ॥

॥ अथराग बसन्त आभास दोहा ॥

साधो आराधो सदा श्रीहरिव्यास सुदेव।
राधो माधोकी सही लाधो जब तुम सेव।।१।।

॥ पद ॥

माधो आराधो हरिव्यास देव।
लाधो जव प्यारी पीव सेव। श्रीभट पटराज भक्त पाल।।
रसिकेश्वर स्वामी अति रसाल अविरोध सुमत में महासूर।
ब्रह्माण्ड सकल पाखण्ड चूर।।१।।
करता महावाणी अति उदार। करी रूपरसिक सों भटसार।।
जिन विन पइए नहीं नित्य विहार।। चिदघन वृन्दावन रसअगार।।२।।
जो आप सदा हरिप्रिया रूप। सेवति नित दम्पति अनूप।।
सो अगवानी श्रीरंग धाम। ताविन ना मिलें नहि प्रिया श्याम।।३।।
जिन शिष्य कीनी महा त्रिगुण माय।
ताके अर्द्धनामतें पापजाय कहें रूपरसिकजन वार वार।।
हरिव्यास भजन विन जन्मखवार ।।४।।

॥ इति राग वसन्त ॥

॥ अथरागकालिंगडौ ॥

मेरे मन भजिले सदासत गुरु श्रीहरिव्यास।
जाविन तेरीहै नहीं दूरि गर्भकी त्रास।।

॥ पद ॥

मेरे मन भजिले श्रीहरिव्यास।
होय नहीं तिन विन सुनि तेरी दूरि गर्भकी त्रास॥
विन हरिव्यास लोक त्रय मांही सबही आश निराश॥
सब सुख रास दास श्रीभट पद दायक विपिन विलास॥१॥
अर्द्धनाम जिनको उचरतही होय सकल अघनास।
मूल प्रकृति सेवत निशिवासर चरण कमल भलजास॥२॥
तीन भवनमें अद्भुत प्रेम प्रकास।
चरण शरणको देत युगल पद दुर्लभ विना प्रयास॥३॥
अविचल सकल अमंगल चूरी पदधूरीहै तास।
रूपरसिक भगतेश भूपविन कटे नहीं भवफास॥४॥

॥ इति कालिंगडौ ॥

॥ चौपाई ॥

इति हरिव्यास यशामृतसागर। श्रीगुरु भक्तिरत्नको आगर॥
सकल पापकी नैया चूरण। सप्तदशी लहरी भई पूरण॥

॥ इति सप्त दश लहरी ॥

॥ चौपाई ॥

अष्टादशी लहरि पुनि जानों। तामें जय जय लीला मानौ॥
रसिक भक्त हियहरणी वरणी। सुखकरणी भवपार उतरणी॥

॥ अथ जयजय लीला लिख्यते ॥

पापी सापी तारिया अनगण अघकी रास।
भक्त अनेक उवारिया जय जय जय हरिव्यास॥१॥
कोऊ भीतर वाहिर कोऊ ए सव ठौर प्रकास।
श्रीभटदास खुलास सवदिन जयजय जय हरिव्यास॥२॥
मोहन मन्दिर में सदा रहत युगल के रूप।
राधाकृष्ण बिलास निधि जय हरिव्यास अनूप॥३॥

तिनकी दयासु दृष्टि विन मिलें न युगल विलास।
पराप्रेम के खास में जय जय जय हरिव्यास॥४॥
माया त्रिगुण प्रसूतिका, तासु चरण की दास।
सो मोपर किरपा करो, जय जय जय हरिव्यास॥५॥
वड्डे सन्त महन्त सुर, तिनकी करत उपास।
सतगुरु राजेश्वर सदा, जय जय जय हरिव्यास॥६॥
तास विना तिहुँ लोकमें, सबकी आनि सुरास।
भक्त आश पूरण करण, जय जय जय हरिव्यास॥७॥
जाविन सवकी होतहै, त्रिभुवन में अपहास।
क्यास हरण जन भरनसों, जय जय जय हरिव्यास॥८॥
हरि कहिये श्री युगल शत, ताके व्यास प्रकाश।
महावाणी सुख पंचकरि, जय जय जय हरिव्यास॥९॥
अर्द्धनाम तिनको जपै, ताके अघ होय नास।
ऐसे परम पुनीत भजि, जय जय जय हरिव्यास॥१०॥
तिनके चरण शरण विना, है मम पुरमें त्रास।
त्रास हास अनायास हो, जय जय जय हरिव्यास॥११॥
जा प्रभु सव सिद्धान्त मथि, कीनों प्रेम प्रकाश।
त्रिगुण नृगुण सव दासके, स्वामी जय हरिव्यास॥१२॥
पल स्वासा घरि पहर दिन उभें पक्ष पुनि मास।
होय सही सुमिरण किया, जय जय जय हरिव्यास॥१३॥
पलक घरी पुनि पहर दिन पक्ष युगल वहुमास।
होय वृथा या विन सकल, जय जय जय हरिव्यास॥१४॥
राधा मोहन टहल के, करता सखी खवास।
सदा सर्वदा सो प्रभु, जय जय जय हरिव्यास॥१५॥
श्रीहरिव्यास उदार की, जय जय लीला नाम।
रूपरसिक गावैं सुनें, सो पावैं रँग धाम॥१६॥

संख्या षोडश दोहरा, सो पावें रँग धाम।
पूरणता पाई रसिक, रूप हिये शुभधाम।।१७।।

॥ दोहा ॥

इति पुराण संख्या लहरि, पूरण भई जु आय।
जय जय लीला तामही, युगल महल सुखदाय ।।१८।।

॥ इति अष्टादश लहरी ॥

॥ दोहा ॥

उगणी सो लहरी लिखों, तामें सुन्दर मांझ।
युगल मिलें तिनकों किये, पाठ सकारे सांझ।।

॥ अति मांझ ॥

आदिगिरा को नाम सही हरि वडरेन की ही जानों।
ताहरि के किये व्यास वाण सुख व्यास यह मानो।
पुनि अवतार अनन्त गुण लीला तिनकों कियो बखानों।।
रूपरसिक हरिव्यास अर्थ उरमें दृढ ऐसे आनों ।।१।।
नमो नमो हरिव्यास गुसाई मन भाई मोहि दीनी।
प्यारी प्रियतम रंग महल की टहल सखीले कीनी।।
सबको जो दुर्लभ सो सुल्लभ सव दई रंग भीनी।
रूपरसिक पाई हमें सुव निधि रिधि सिधि सदा न वीनी।।२।।
मिटे नहीं हरिव्यास भजन विन जन्म मरण को झगरो।
देखो जोई निगम अगम इतिहास पुराण जु सगरो।
नेम प्रेमते परे बताओ जा प्रभु अद्भुत दगरो।।
रूपरसिक हरिव्यास भजन सबही ते अगरो।।३।।
जय जय श्री हरिव्यास देव भू सकल गुरु भगवन्ता।।
तिन विन मिलें नहीं त्रिभुवन में नित्य राधिका कन्ता।
अनगण जीव उधारे जी प्रभु भव सागर डूबन्ता।।
परा प्रेम में मन्ता तिनकी महिमा को नहिं अन्ता।।४।।

आप रूप हरिव्यासदेव कौ राधा माधो जानों।
तिनकी शरण विना गति नाही कहा म बहुत वखानों।।
हरि माधो साधो मुनि लीजे व्यास राधिका मानों।
रूपरसिक हिय इसक धारि क या विधि उर में आनों।।५।।
जय जय श्रीहरि व्यासदेव जू महा प्रेम के सागर।
सर्व पाप हरि त्रिभुवन में वर तिनको सुयश उजागर।।
दम्पति पद दायक मुनि नायक गायक नागर नायक।
रूप रसिक रसिकन के भर्त्ता युगल इष्ट के आगर।।६।।
जय जय श्रीहरिव्यासदेव प्रभु देव्यादिक के गुरुजी।।
तिनकी शरण होत ही भव सागर दुस्तर गोखुर जी।।
सव सुखरास दास श्री भटके सकल लोक पर प्रचुर चुरजी।।
सदा लसो मम भाल वसोदृढ रूप रसिक के उरजी।।७।।
निरबल तही मंडल मण्डन मणि श्रीहरिव्यास उदार।
तिनकी चरण शरण अनुरागे जागे भाग हमार।।
रसिक अनन्य नृपति चूडामणि अंश कला अवतारा।
रूप रसिक प्रभु परम प्रेमते वरन्यो नित्य विहारा।।८।।
त्रिगुण गये साक हम अति ही वाके दुख की रासी।
हाके सकल शुभा शुभ क्रम धृम भ्रम माया की पासी।।
था के आनध्यान में अवतो काके नहीं खवासी।।
छाके रूपरसिक दम्पति छवि हम पाके हरिव्यासी।।९।।
वडे हमारे सनकादिक है जग आदिक अविनाशी।
सो देखो भागोत साखि है भयै जु त्रिगुण उदासी।।
सदा खुलासी रंग धाम के वासी सो रसरासी।
जग पासी में बँधे जु नाही रूप रसिक हरिव्यासी।।१०।।
श्रीहरिव्यास नाम महा सुन्दर चसमो अति अभिरामो।।
ताविन दृष्टि परै नही सूक्षम रहसि जु श्यामा श्यामो।

संख्या षोडश दोहरा, सो पावें रँग धाम।
पूरणता पाई रसिक, रूप हिये शुभधाम॥१७॥

॥ दोहा ॥

इति पुराण संख्या लहरि, पूरण भई जु आय।
जय जय लीला तामही, युगल महल सुखदाय॥१८॥

॥ इति अष्टादश लहरी ॥

॥ दोहा ॥

उगणी सो लहरी लिखौं, तामें सुन्दर मांझ।
युगल मिलें तिनकों किये, पाठ सकारे सांझ॥

॥ अति मांझ ॥

आदिगिरा को नाम सही हरि वडरेन की ही जानों।
ताहरि के किये व्यास वाण सुख व्यास यह मानो।
पुनि अवतार अनन्त गुण लीला तिनकों कियो बखानों॥
रूपरसिक हरिव्यास अर्थ उरमें दृढ ऐसे आनों॥१॥
नमो नमो हरिव्यास गुसाई मन भाई मोहि दीनी।
प्यारी प्रियतम रंग महल की टहल सखीले कीनी॥
सबको जो दुर्लभ सो सुल्लभ सव दई रंग भीनी।
रूपरसिक पाई हमें सुव निधि रिधि सिधि सदा न वीनी॥२॥
मिटे नहीं हरिव्यास भजन विन जन्म मरण को झगरो।
देखो जोई निगम अगम इतिहास पुराण जु सगरो।
नेम प्रेमते परे बताओ जा प्रभु अद्भुत दगरो॥
रूपरसिक हरिव्यास भजन सबही ते अगरो॥३॥
जय जय श्री हरिव्यास देव भू सकल गुरु भगवन्ता॥
तिन विन मिलें नहीं त्रिभुवन में नित्य राधिका कन्ता।
अनगण जीव उधारे जी प्रभु भव सागर डूबन्ता॥
परा प्रेम में मन्ता तिनकी महिमा को नहिं अन्ता॥४॥

आप रूप हरिव्यासदेव कौ राधा माधो जानों।
तिनकी शरण विना गति नाही कहा म बहुत वखानों॥
हरि माधो साधो मुनि लीजे व्यास राधिका मानों।
रूपरसिक हिय इसक धारि क या विधि उर में आनों॥५॥
जय जय श्रीहरि व्यासदेव जू महा प्रेम के सागर।
सर्व पाप हरि त्रिभुवन में वर तिनको सुयश उजागर॥
दम्पति पद दायक मुनि नायक गायक नागर नायक।
रूप रसिक रसिकन के भर्त्ता युगल इष्ट के आगर॥६॥
जय जय श्रीहरिव्यासदेव प्रभु देव्यादिक के गुरुजी॥
तिनकी शरण होत ही भव सागर दुस्तर गोखुर जी॥
सव सुखरास दास श्री भटके सकल लोक पर प्रचुर चुरजी॥
सदा लसो मम भाल वसोदृढ रूप रसिक के उरजी॥७॥
निरबल तही मंडल मण्डन मणि श्रीहरिव्यास उदार।
तिनकी चरण शरण अनुरागे जागे भाग हमार॥
रसिक अनन्य नृपति चूडामणि अंश कला अवतारा।
रूप रसिक प्रभु परम प्रेमते वरन्यो नित्य विहारा॥८॥
त्रिगुण गये साक हम अति ही वाके दुख की रासी।
हाके सकल शुभा शुभ क्रम धृम भ्रम माया की पासी॥
था के आनध्यान में अवतो काके नहीं खवासी॥
छाके रूपरसिक दम्पति छवि हम पाके हरिव्यासी॥९॥
वडे हमारे सनकादिक है जग आदिक अविनाशी।
सो देखो भागोत साखि है भयै जु त्रिगुण उदासी॥
सदा खुलासी रंग धाम के वासी सो रसरासी।
जग पासी में बँधे जु नाही रूप रसिक हरिव्यासी॥१०॥
श्रीहरिव्यास नाम महा सुन्दर चसमो अति अभिरामो॥
ताविन दृष्टि परै नही सूक्षम रहसि जु श्यामा श्यामो।

या चस मोंते अनन्त रसिक जन देख्यो निज रंग धामो।
रूपरसिक हरि व्यास नाम चस या विन सरे न कामो।।११।।

लहरी उन्नीसी भई, इति श्रीपूरण आय।
माझ रसीली न सों भरी, खरी जु प्रेम चुचाय।।१।।

॥ राग धनाश्री आभास दोहा ॥

दम्पति जू की आरती, करत रंग देवीजु।
चहल पहल रंग महल में, सदा युगल से वीजु।।

॥ पद ॥

॥ आरती ॥

आरती करति रंग देवीजू।
रंगमहल सुख च्रहल पहल में सदा युगल सेबीजु।।
रत्न जटित वरथाल मनोहर गजमोतिन मणि पूरण।
दीप सहित माला सुगंध युग अद्भुत रोरी चूरण।।१।।
श्रीहितु सखी हरि प्रिया दासी चमर करत छवि पावै।।
रूपरसिक दम्पति परि करपर निरख वारने जावै।।२।।
युगल चन्द्रकी आरती करत हितू सखि रासि।
संग लिये सब सहचरी रंग महलकी वासि।।३।।

॥ पद ॥

आरती न आरति करन युगलजू की दासी।
श्रीहरि प्रिया प्रेम प्रकाशी हितू सखी सुखरासी।।१।।
परम सहेली हित अलवेली आदिम हलकी वासी।
रूपरसिक दम्पति छंवि निरखत पराप्रेम की फांसी।।२।।

॥ अथ राग मलार ॥

॥ आभास दोहा ॥

अशरण शरण भजो मना हरण तरणि सतवास।
रसिक आस पूरण करण श्रीस्वामी हरिव्यास।।१।।

॥ पद ॥

मनारे भजिये श्रीहरिव्यास।
अशरण शरण दीन जन हन दुख हरण तरणि सुतत्रास॥
जो प्रभु रसिक भक्त जन नायक दायक विपिन विलास।
तिन विन तीन लोकमें असको पूरण चूरण क्यास॥
महल रसिक जनकी जिनमेंटी परा प्रेमकी प्यास॥
महावाणी करता जनभर्त्ता श्रीभट पदनिज दास।
करुणा सागर जगत उजागर अगर प्रेम प्रकाश॥
रूपरसिक मन वचक्रम करि ये सब दिन आस।

॥ इति राग मलार ॥

॥ चौपाई ॥

इति हरिव्यास यशामृत सागर। सो त्रिभुवन में महा उजागर॥
ताकी लहरी विंशति सुन्दर। परि पूरणता पाई दुखहर॥

॥ इति श्रीविंशति लहरी ॥

॥ चौपाई ॥

अब इक विंशति लहरि सुहाई। लिखत महालक्षण समुदाई॥
पुनिया में जय जय श्रीगाई। सोइहु सुनहु गुणह चितलाई॥

॥ दोहा ॥

प्रथम सुमिरि हरिव्यासजू श्रीहरि स्वयंस्वरूप।
रूपरसिक जनजानि जिनि दियो उपदेश अनूप॥

॥ अथ महा लक्षण ॥

॥ चौपाई ॥

पहिले श्रद्धा लक्षण जानों। तापीछे सत संग बखानों॥
सत्संगति करि हरिको भजो। आन देवको आश्रम तजो॥
सदा प्रसन्न होय हरि सेवो। पुनि विरुद्ध सवसों तजिदेवो॥
सव जीवनिपर करुणा राखो। कवहू कठोरवचन जिनभाखो॥

मनहरि सुमिरण माहि समावो। घरी पहलपल वृथा न खोवो॥
धर्म सनातन में अनुसरो। विषय वासना सब परिहरो॥
उभय सनेह सेवामें मानो। आपनपो अनित्य करिजानो॥
हरि जन हरिमें भेदन करो। सदा बुद्धि थिर ह्वै अनुसरो॥
झूठ क्रोध निन्दा तजि देवो। विनुप्रसाद मुखऔर न लेवो॥
लिखें पढें अरुकरें करावे। झूठवादि करि अनन्य कहावे॥
एकादशी अवसि व्रत करो। माला तिलक सदाही धरो॥
सदा चारमें जो विधि कही। तिहि विधिसो कर धारो सही॥
हरिजन होय धीरज जिन छोडो। हरि पद पंकज सो रति जोडो॥
हरिजन होय तहां चलि जावो। प्रीति सहित पुनि दर्शन पावो॥
जिनसों मिलि हरिगुण गण गावो। और कुसँग सवों छिट कावो॥
अपने अर्थन उद्यम करो। यथा लाभ सँतोषहि धरो॥
स्तुति निन्दा दुख सुख जोई। हानि लाभ सम मानो सोई॥
हरि विमुखन सों करेंन चरचा। करो प्रीति सों हरिजन अर्चा॥
नम्री भूत ह्वैकें नित्त रहौ। दास दास के भावहि गहौ॥
मिथ्या वाद विवादहि त्यागो। हरिकी कथा सुधारस रागौ॥
उत्सव दिन विशेष करि मानों। जन्म कर्म दिव्य हरिकौ मानो॥
मानऽरू भय अमर्ष न करौ। हरिके चरण सदा चित धरौ॥
शत्रु मित्र दोऊ सम मानों। सहन शीलता उरमें आनों॥
नाम भरोसे पाप न करौ। नामी नाम एक वुधि धरौ॥
सदा नाम विश्वासहि राखौ। ऊठत वैठत नामहि भाखो॥
नाम माहात्म्य ऐसो सोई। याते अधिक और नहिं कोई॥
नामहिं सों नित वांधौ नातौ। जगत मोह सों डोरा हातो॥
सासु उसास नामही जापो। चित्त युगल पदमें लेथापो॥
नितहरि चरणामृतरू दण्डवत। धरि उर नेम निवाहो यहमत॥
प्रारथना कर जोरि करो पुनि। जिहविधि हरि उकतावें नहिं सुनि॥

होय निरालस हरि को पूजो। गुरु विन गहौ न मारग दूजो।।
गुरुसों गोविंद गोविंदसों गुरु। ऐसो भाव सुधारियो निज उर।।
साथन को छल छिद्र न धरो। कपट छांडि आराधन करो।।
वक्तासो हरि गुण सुनि रहो। श्रोतासो हरिगुण पुनि कहो।।
दुखी देख उर दया विचारो। सुखी देख हिय हर्षहि धारो।।
सरल स्वभाव सवनिते रहनों। मधुर वचन मुखते सोइ कहनो।।
पर उपकार विषैं बुद्धि धारौ। अनुचित कर्म क्रिया निरधारो।।
हरि अनुकूल जिती उरधारो। पुनि प्रति कूलतिती परिहारो।।
हरि सों निरबधि नेह निवाहो। निशदिन चरणन कों रति लाहो।।
हरिजन होगजु हठनहि करवो। हरि अज्ञाहीमें अनुसरिवो।।
हरि रसपान करो निशि दिना। नीरस यश छांडो हरि विना।।
सवहिनसों करि राखौ समता। देहगेह की छांडौ ममता।।
सत्य अहिंसा शांति शोचसुनि। समदमादि ए उरहु धरो पुनि।।
नैन बैन रसना श्रुत घ्राण। कर पद शिर पुनि हृदयरू प्राण।।
हरि पर करि राखो सब अंग। पारो जिनं उपायन में भंग।।
ह्वै अनन्य उर दृढ व्रत करौ। सखी भाव लिये हियें अनुसरौ।।
छांडि कुनेम प्रेम मन पागो। युगल पदाम्बुज सो अनुरागो।।
प्रभुकौ रूप ध्यान उर धरौ। मगन होय नित नितहि करौ।।
सर्व भाव करि हरिहरि गावो। रूपरसिक ज्यों सव सुखपावो।।

॥ दोहा ॥

महा लक्षण रसमई, इति चौपाई चोबीस।
रूपरसिक जो ध्याव हीं, सो पावही पद ईश।।

॥ चोपाई ॥

अब जय जय श्री सुनहु सुहाई। राग विलावल में छविपाई।।
लिख न करो सु महा मन भाई। सुनत गुणत सुख होत सदाई।।

॥ राग बिलावल दोहा ॥

कला अनेक प्रकाशनी, चमत्कार बहु भाय।
गाऊँ यश जय जय जु श्री श्रीहरिप्रिया सिरनाय॥

॥ पद ॥

जय जय श्रीहरि प्रिय चरण शिरनाय हो।
जिनको यश दुलराय हिये हुलसायहो।
अति सुकुमार उदार सहज सुख सारहो॥
सुन्दर मृदुल मनोहर सुखद सुढारहो॥१॥
जय जय श्रीहरि प्रिये सकल सुखमूल हो।
जिनको सर्व सुदेत तेव अनुकूल हो।
अग्रवर्तिनी प्रेम भक्ति रसदायनी।
करुणा सिन्धु दयाल सुविरद विधायिनी॥२॥
जय जय श्रीहरि प्रिये रँगीली रंगहे।
अद्भुत अमल अलौकिक आभा अंगहै॥
बडडे नैन विराजत अंजन अंजिता॥
मनरंजन छविकँजन खँजन गञ्जिता॥३॥
जय जय श्रीहरि प्रिये बदन विधु सोहही।
मध्य रदनकी जोति मदन मन मोहही॥
अधर अरुण रसभरे युगल अनुराग सों।
कलकपोल श्रुति चिबुक निरख वड भागसों॥४॥
जय जय श्रीहरि प्रिये रसीली रसभरी।
कण्ठशिरी दुलरी तिलरी अंगिया हरी।
कुच उतंग पर झरे हारसी पजुमनी।
अधिक उर स्थल उपचार चौकी कंठनी॥५॥
जय जय श्रीहरिप्रिये सुवाहु विराजही।
बाजु वन्द सुचारु चुरी छबि छाजही॥

कंकण कंचन पहुँची प्रभा कर पानकी।
अंगुरी में मुदरी मणिहेम विधान की।।६।।
जय जय श्री हरिप्रिये कृशोदरि कटि लसें।
गुरु नितिम्ब किंकिणीविविध नग जटि लसें।।
लहँगा ललित सुरंग अंग सुहायकौ ।
दयो रासकिनीरीझि चतुरचित चायसों।।७।।
जय जय श्रीहरिप्रिये पदा भूषण सजे।
मंथर चरण विहार मनोभव द्विप लजे।।
ललित लजाई तरवनि वनि नख आवली।
सदा रहे हिय मांहिसु परम प्रभावली।।८।।
जय जय श्रीहरिप्रिये सुखद सुख मासनी।
मृदुल मनोहर रंग अंग सारी वनी।।
जरद किनारी जग मगानि चहुँओरकी।
झमकनि वेनी पीठि सहेली डोरकी।।९।।
जय जय श्रीहरिप्रिये मधुर मृदु हासिनी।
मुक्त लरनि मिली सुच्छ सू सांधों सिलमिली।।
कर्ण कुसुम की देखि द्युति तरनि की।
भई विमोहित जोहत उपमा धरण की।।१०।।
जय जय श्रीहरिप्रिये मधुर मृदु हासिनी।
चमत्कारिणी कला अनेक प्रकासिनी।।
परम सहेली अलबेली आनन्दनी।
समय२ सुख सेवा में संचारणी।।११।।
जय जय श्रीहरि प्रिये प्रत्यंगा भासिनी।
केली कला कमनीय निकुंज निवासिनी।
परम सहेली अलवेली आनन्द की।।
रूपरसिक वलि जाय चरण अरविन्द की।।१२।।

॥ चौपाई ॥

इति श्रीमद् हरिव्यासदेव यश। अमृत सागर की लहरी अस।
इकविंशति महा छवि छाई। पूरण भई सकल सुखमाई॥

॥ इति एक विंशति लहरी ॥

द्वाविंशति लहरी लिखौं, तामें पद दश तीन।
भैरव सारँग कानरो, सोरठ में रसलीन॥१॥
पुनि गुणि दोहा पंचमी, करण सकल अघनास।
पढत गुणत हिय में बसैं, चरण कमल हरिव्यास॥२॥
जिनकी दया सु दृष्टिते, पायो हरि जन भेव।
नमो जयति हरिव्यास जू, सब देवन के देव॥३॥

॥ राग भैरव आभास दोहा ॥

तजि निन्दा सन्तोष सजि, रजि रसिकन कौं संग।
भजियेतौ हरिव्यासकौ, योंही मतो सूधंग॥

॥ पद ॥

तजिये तो निन्दा कौ तजिये। सजियेतो संतोषहि सजिये।
रजिये तो रसिकन संग रजिये। भजिये तो हरिव्यासहि भजिये॥१॥
छजिये तो इह छाजहिं छजिये। रूपरसिक राधा पद जजिये॥२॥

॥ इति राग भैरव ॥

॥ अथ राग सारँग ॥

॥ आभास दोहा ॥

तिनको मुख कारो करो शिर ऊपर दे लात।
हरि के भक्तजे जिनको नाहिं सुहात॥

॥ पद ॥

जिनको हरिजन नाहि सुहात।
तिनको मुखकारो करि के शिर ऊपर दीजे लात॥
कहा भयो कविताई सीखेहै करि मोटी जात।

रीतो होय निरन्तर जेसे ज्यों हँडिया विनभात ।।१।।
हरिप्यारे के प्यारे जिनको मन में नाहिन आत।
निहचें नर क निवासी ह्वैहैं तिनके पुरुषा सात ।।२।।
महा अधमते अधम जानिये कहत पुकारें धात।
रूपरसिक तजिये संग तिनको भजिये श्याम संगात ।।३।।

।। इति राग सारग ।।

।। अथ राग कानडो ।।

।। आभास दोहा ।।

भक्तनको चरणाम्बुज ले कियो न पावनगेह।।
तेनर या जग आयके वृथा धरीहै देह।।

।। पद ।।

वृथाभयो जनको जग आवन।
भक्तनको चरणोदकलेजिहि।। नहि न कियो अपनो गृहपावन।
रुचिकरि जिहिजूठनि नहिखाई।।
निजकुलको अभिमान नसावन।
खात फिरत जे महागलीची जैसे सूकर कूकर गावन ।।१।।
जिनश्रवननि हरि कथा सुनी नहिं उरमें अति आनँद उपजावन।
तिनको रूप रसिक प्रभुको कहो कोन भांति करि होय मिलावन ।।२।।

।। आभास दोहा ।।

जिन सेवाते सकल मन, पूरण काम अभिष्ट।
सो अच्युत गोती महा, मेरे हैं निज इष्ट।।

।। पद ।।

अच्युत गोती मेरे इष्ट।
जिन सेवाते सकल कामना पुरवत मन आनन्द प्रविष्ट।।
कृष्ण कृपामृत पावत अनुदिन वोलि वोलि वाणी मुख मिष्ट।
सुनि सुनि श्रवननि उपजत अति रति बढत हिये अनुराग अभिष्ट।।१।।

पदपंकज रजके प्रताप करि होत शिष्टजे महा कनिष्ठ।
अनायास पावत सर्वेश्वर जबही चितवत कृपा सुदृष्ट॥२॥
यमकौ सब डर डारि जगतमें विचरत जैसें वीर वरिष्ट।
रूपरसिक ताकी पदवी में पाई जिन की खाई उछिष्ट॥३॥

॥ आभास दोहा ॥

भक्तनकी निन्दा करै, मोकों पूजे जोय।
प्रभु आज्ञा यह करत हैं, मेरो दोषी सोय॥

॥ पद ॥

जहां तहां हरि ऐसी कही।
भक्तनकी निन्दा करि मोकों पूजत मोमन दोषी सही॥
षोडश विधि सेवा विस्तारत वेद तंत्रकी सब विधि गही।
में मानत नाहिन तनकउ कछु वृथा पचत है मूरख बही॥१॥
मेरे कछु भक्तन विन नाहिन भक्तनके मोविन कछु नही।
रूपरसिक प्रभुताकी पदवी सो तो सब इनहीं ते लही॥२॥

॥ आभास दोहा ॥

में न्यारो इनते न कछु, ये न्यारे नहि होंहिं॥
प्राणनते अति लगत है प्यारे भक्तजु मोहि॥

॥ पद ॥

प्राणनितें मोहि भक्त हैं प्यारे।
मैंन्यारो नाहिन इनते कछु ये कहु नाहिन मोते न्यारे।
वडी बडाई लक्ष्मी मेरे। ताहूते जन जानत न्यारे॥
ज्यायौ जीवत प्यायौ पीबत इनि साधुन के सांझ संवारे॥१॥
सुनि उद्धव जिनि मेरे कारण सब धन धाम के काम बिसारे।
तिनकों रूपरसिक कहो कैसें अभि अन्तर ते जाति निकारे॥२॥

॥ आभास दोहा ॥

और युगलन में यज्ञ जप तीरथ संयमदान।

कलियुग माही मुख्यहै श्रीहरिभजन प्रधान।।
और युगनमें यज्ञादिक जपतप तीरथ व्रत संयमदान।
श्रीभागवत महा मुनि नृपसों कही सहायहै कृपानिधान।।
केवल कृष्णनाम कलिकीर्तन या समान अघहरको आन।
अजामेलगज आदिप्राणके वानसमय तहां प्रगट बखान।।
रूपरसिक जाकी महा महिमा जानतहैं सव सन्त सुजान।।

॥ आभास दोहा ॥

हरिजन आवत देखिके नहिं हियमें हरखाँहि।
महापातकी जानिये तिनको या जगमाँहि।।

॥ पद ॥

हरिजन निरखित हरखत हिये।
तेनरमहा अधमपाखंडी धृक धृकहैं जग जिनके हियें।
मुखमीठे अम्मृत गटगटके हृदय कूर नाछीये।।
क्यों नहिं मारपरै तिनके शिर जिनके अैसी कुटिल धीये।।१।।
स्वांग पहरि सुकियाको सुन्दरि लक्षप्रतिक्ष पोषत परकिये।
रूपरसिक ऐसे विमुखनकौं कुंभीपाक नरक नाखिये।।२।।

॥ आभास दोहा ॥

दया उदधि सर्वेश की, हे नित प्रति यह टेव।
मानत आपनतें अधिक, हरि भक्तन की सेव।।१।।

॥ पद ॥

हरिसेवातें हरिजन सेवा।
आपनतें अधिकी करि मानत दया उदधि देवन के देवा।।
सहि नहिं सकत भक्त अपराधे निज अपराधन चित्त धरेवा।
दुर्वासा के कोप कालना भाग तनय के त्रान करेवा।।१।।
सकल लोक चूडामणि स्वामी ब्रह्मादिक पावत नहिं भेवा।
सो आधीन रहत भक्तन के रूपरसिक प्रभुकी यह टेवा।।२।।

॥ आभास दोहा ॥

हरि भक्तन सो है नहीं, जा नारी को भाव।
जाको कारो बदनि करि, नीले करिये पांव॥१॥

॥ पद ॥

हरि भक्तन सो नाहिं नभावै ता नारी कों संग कहावै।
कारो मुँह करि नीले पावें॥
देखि दूरिते रामसनेही रांड दुष्टनी भोंह चढावैं।
गृह आयेंते महा विमूढा मन्दभागनी कलह बढावै॥१॥
परम पापनी अति संतापनी अपने पतिकौ बिपति लगावै।
जीवत जगमें कुयश कारिणी मरे नरक में ले पहुँचावै॥२॥
मेरो कह्यो मान नररे जोतेरे उर निश्चय आवै।
रूप रसिक बसि ऐसे घरमें काहेको घर बस्यौ कहावै॥३॥

॥ आभास दोहा ॥

गुण गावै मिल युगल के, हरिजन लखि हुलसाय।
ऐसी सुखदा भावनी, मिलै भागते आय॥

॥ पद ॥

ऐसी भामिनि भागहि पाइये।
जासों मिलिकै अहो निशा श्रीराधा माधवके गुण गाइये॥
हरि हरि जन सेवामें तत्पर परम अनन्य लखि नैन सिराइये।
रूप रसिक ऐसी घर नीके सदा संग रहि हिय हुलसाइये॥

॥ इति राग कानरो ॥

॥ अथ राग सोरठ ॥

॥ आभास दोहा ॥

सत् संगति को तजि करौ, विषय बिपिन में धाय।
ताते मूरख बँधिगयो, अपने कर्महि आय॥

॥ पद ॥

अपने कर्महि आप बँधायौ।
जैसे कीटकौसकारी गृह द्वार मूँदि पछितायौ ॥
जैसे मधुकर मुदित कमल में पल विश्राम न पायौ।
भटकि भटकि शिर रह्यौ पटकि तौ दुख अन्त न आयौ ॥१॥
जैसे मधुमाखी मधुलालच आनि ता माही।
प्राण दियेही होय निवेरौ और उपायऽ बनाही ॥
जानि बूझि कर पडत खांड में जैसे गज मतमातो।
करण केलि करिणी भ्रम भूल्यो होय गयो दृगहातो ॥३॥
कहा होय पछिताव किये अब तब तो सब बिसरायौ।
रूपरसिक सतसंग छांडिके विषय विपिन में धायो ॥४॥

॥ आभास दोहा ॥

पीयो नहीं भागवत रस, श्रवण पुटा सुख दाय।
धृक् धृक है तेरो जियो, कहा कियो जग आय॥

॥ पद ॥

कहातें जग में आय कियोरे॥
श्रीभागोत सुधारस गटक्यो श्रवन पुटा न पियोरे।
नरतन रतन जतनहु पायो ही खोय दियोरे॥
ताको शठ तोहि सोचन आयो धृक है तेरो जियोरे ॥१॥
क्यों नही रही वाँझ जननी वह जिहि धरि उदर लियोरे।
रूपरसिक ही कष्ट होत है देखि तिहारो हीयोरे ॥२॥

॥ इति राग सोरठ ॥

॥ आभास दोहा पंचमी लिख्यते ॥

श्रीहरिव्यास कृपाल की, शरण लहे जो कोय।

निन्दादिक औगुण सवैं, पाप नष्ट सब होय।।१।।
वढै महा संतोष अति, हरिव्यासिन के संग।
प्रेम सिन्धु छाजें चढें, उर अनुराग अभंग।।२।।
जो कोउ या नर देह को, वृथा करै अभिमान।
दूरि करें हरिव्यासजू, चरण शरण गहें आन।।३।।
अच्युत श्रीहरिव्यासकौ, जिनके है निज इष्ट।
श्रीवृन्दावन महल सुख, पावें परम अभिष्ट।।४।।
जय जय श्रीहरिव्यास, यशामृत की कही।
द्वाविंशति लहरी, पद तेरह की सही।।
पुनि दोहा पंचमी महा, शुभ जानिये।
परम पूज्यता करण सकल, सुख मूल हरण दुख मानिये।।१।।

॥ इति द्वाविंशति लहरी दोहा ॥

यश अमृतसागर महा, जाकी लहरि अनन्त।
रूपरसिक यह यथामति, सुनि उर धरियो सन्त।।१।।
में मति मन्द कहा कहूँ, जीवनि श्रीहरिव्यास।
महावाणी गायक सुधनि, करि भेटे निज दास।।२।।
श्रीहरि प्रिया जु की करी, महावाणी सों भेंट।
रूपरसिक पावन भयो, सहजें भई सहेट।।३।।
श्रीहरिव्यास यशामृत सागर परम अगाध।।
रूपरसिक वलिवलि गयो, पुजई सब मों आश।।४।।

इति श्रीहरिव्यासदेव यशामृत सागर यथा मति।
लहरी सम्पूर्णम्।। मिती वैशाख वदी २ सम्वत्।।

॥ प्रार्थना ॥

श्रीरूपरसिक कृत प्रियाप्रीतम के पद।

॥ राग झँझोटी ॥

प्यारी जू तुमही हो गति मेरी।

चूक क्षमा करिये दुख हरिये जू हौं तेरी जनम जनमकी चेरी॥टेक॥

भ्रमिय बहुत वन वन बलि जाऊँ

ए जू लहिय न तनकहू सुख की सेरी॥१॥

दीन हीनपर दया द्रवन की जू तुम विन कहौ शरण किहि केरी॥२॥

इहि अवसर अब परि हरि हौ तौ

जू कहां शरन मुहि मिलि है जू तेरी॥३॥

भव सागरमें वहिय फिरति हौं जू महा मोह दुर्मति ने घेरी॥४॥

अनुचरि परि अनुकम्पा कीजै एजू दीजे अब दर्श दरेरी॥५॥

रूपरसिक जन जानि आपनो जु राखिये चरन कमल सों नेरी॥६॥७॥

अब तो करुना कियेई वनै वलि।

भवसागर विकराल विपुल ताकी भँवर जालते जाऊँ कहां टलि॥१॥

औगुन खानि जानि आना कानी जू

जो उर आनी तौ नहि कहूँ थलि॥२॥

हों मति हीनि मलीनि करम की जु तुमते बिछुरिगई रज में रलि॥३॥

कलपान्तर कहुँ जाय परोंगी जू तो कब ऐहों तुम पद ढिंग ढलि॥४॥

वही आज्ञा उर में सुधि करिये जू तू मेरी है रूपरसिक अलि॥५॥२॥

मेरो कछु वश नाहिं न करुन मई॥

सुधि बुधि भूलि भरम भगकति हौं जू करमन करि प्रतिकूल भई॥१॥

ज्यों ज्यों सुरझाऊँ त्यों त्यों उरझत जू ऐसी दशाकोऊ आयगई।।
सुधि बुधि विसरि विकल बिलपति
हौं जू या जग की त्रय ताप दई।।३।।
जानत सब जनके जिय की जू तुम ते कौन दुरी है दई।।४।।
रूपरसिक अलि कहाँ यह कहाँ
यह जू उचित नहीं वलि होति नई।।५।।३।।

*